सुप्रभात
रांची, शनिवार
13.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 297

12 खेसारीलाल की फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' 2 जून को होगी रिलीज

## सीबीएसइ 10वीं का 93.12 व 12वीं का 87.33 फीसदी रिजल्ट, लड़कियां फिर अव्वल

# झारखंड का प्रदर्शन रहा शानदार

एजेंसी

**रांची/ नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिये। सीबीएसइ की 10 वीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.12 प्रतिशत रहा। जवाहर नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों के परिणाम सभी स्कूलों में सबसे उत्कृष्ट रहे। सीबीएसइ के अनुसार त्रिवेंद्रम 99.91 प्रतिशत के साथ सबसे अच्छा रहा। बेंगलुरु 99.18 प्रतिशत, चेन्नई 99.14 प्रतिशत, अजमेर 97.27 प्रतिशत और पुणे 96.92 प्रतिशत का स्थान रहा। गत 14 फरवरी से शुरू हुई और 21 मार्च को संपन्न 10वीं की परीक्षा में कुल 21,86,485 छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत घटकर 87.33 प्रतिशत रह गया। छात्राओं ने 90.68 प्रतिशत के साथ छात्रों को पीछे छोड़ दिया।

**10वीं बोर्ड के टॉपर्स की घोषणा**



**नहीं :** बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों के अंकों के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी देने की प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है। विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए कोई मेरिट लिस्ट घोषित नहीं करेगा। इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 2184117 छात्रों ने पंजाकरण कराया था। इनमें से 21,65,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में 2016779 छात्र पास हुए हैं। (शेष पेज 11 पर)

### रिजल्ट जारी होते ही विद्यार्थियों के खिल उठे चेहरे

**रांची (खबर मन्त्र)।** मैट्रिक और इंटर के विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार का दिन बेहद ही महत्वपूर्ण रहा। सीबीएसई ने पहले इंटर का फिर टेन (मैट्रिक)के रिजल्ट घोषित किये। होते ही विद्यार्थियों के चेहरे फिर खिल गये। झारखंड के विद्यार्थियों का ओवरऑल परफॉर्मेंस बेहतरीन रहा। रांची समेत राज्य के बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, पलामू के प्रमुख सीबीएसइ स्कूलों डीपीएस, जेवीएम, केरली, डीएवी, जैसे स्कूलों के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पटना जोन की बात करें तो इस साल 10वीं में 2,32,000 जबकि 12वीं में एक लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। राजधानी रांची के सभी सीबीएसइ स्कूलों में ओवरऑल प्रदर्शन बेहतरीन रहा, मगर, डीपीएस रांची और जेवीएम श्यामली के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। डीपीएस रांची की12वीं की परीक्षा के साइंस स्ट्रीम में एलेक्स सिंह बेस्ट 4 सब्जेक्ट में 98.4% स्कूल हासिल कर स्कूल टॉपर बने। वहीं कुमारी रिया ने कॉमर्स स्ट्रीम में 98% प्राप्त किया। पायल सिन्हा 97.2% के साथ ह्यूमैनिटीज की टॉपर रही। इस स्कूल से 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 706 विद्यार्थियों में से 113 विद्यार्थियों ने 95% और उससे अधिक अंक प्राप्त किया है। (शेष पेज 11 पर)

## रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का सीएम ने किया उद्घाटन

# अब रांची में भी होगा कैंसर के मरीजों का इलाज : हेमंत

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाटा ट्रस्ट्स द्वारा स्थापित रांची कैंसर अस्पताल का किया उदघाटन
- राज्य के मरीजों को अब इलाज कराने बाहर नहीं जाना होगा
- कैंसर पीड़ितों को राज्य में ही स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाना लक्ष्य
- रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए माइलस्टोन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के मरीजों को अब रांची ही कैंसर के इलाज की सभी नवीनतम सुविधाएं मिलेंगी। कैंसर पीड़ितों को राज्य में ही स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है। अब कैंसर पीड़ित मरीजों को बाहर जाकर महंगी ईलाज से छुटकारा मिल सकेगा। श्री सोरेन शुक्रवार को टाटा समूह की ओर से स्थापित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र को जनता को सौंप रहे थे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि काफी वर्षों से झारखंड के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई छोटी-बड़ी चीजें जुड़ती रही हैं, लेकिन, कैंसर के इलाज की सुविधा इस प्रदेश में नहीं के बराबर थी। वर्तमान सरकार के गठन के बाद से इस निमित्त लगातार प्रयास किया है कि कैंसर पीड़ितों को राज्य में ही बेहतर चिकित्सा व्यवस्था मिले। रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर देश में आदर्श कैंसर केयर संस्थान के रूप में पहचाना जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

## हाइकोर्ट से जमानत मिलने के बाद इमरान ने सेना प्रमुख को दी धमकी

# पाकिस्तान की हालत अब भी खराब, इमरजेंसी की आशंका

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गृहयुद्ध जैसे हालात के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बहुत बड़ी राहत मिल गयी है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट से अलकादिर केस समेत सभी मामलों में दो हफ्ते के लिए जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि 17 मई तक इमरान खान की किसी भी नये मामले में गिरफ्तारी नहीं होगी। इससे पहले इमरान ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को खुलेआम चेतावनी दी थी। इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुझसे डरते हैं। देशभर में हिंसा के लिए जनरल मुनीर जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी नहीं बल्कि अपहरण है। इमरान खान ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि अगर उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया तो देशभर में तबाही आयेगी। इमरान खान ने सेना प्रमुख को खुलेआम धमकाया है।



### शहबाज कर रहे बैठक

इमरान खान की रिहाई के बाद अब प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए पाकिस्तान में इमरजेंसी की अटकलें तेज हो गयी हैं। शहबाज शरीफ कैबिनेट की बैठक कर रहे हैं। पीडीएम के नेताओं से बातचीत के बाद अंतिम फैसला लेंगे। पार्टी नेताओं संग बैठक में वह इमरान खान पर बरसे। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान में 9 मई को जो हुआ है, वैसा बांग्लादेश बनने के बाद भी नहीं हुआ। पाकिस्तानी सेना पर इमरान के समर्थकों ने हमला किया, जो बेहद शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि देश में जारी इस पूरे संकट के लिए आर्मी चीफ जिम्मेदार हैं। (शेष पेज 11 पर)

## रिमांड अवधि बढ़ी, अब छवि रंजन से 16 तक इडी करेगी पूछताछ

# सैन्य जमीन घोटाला : रजिस्ट्रार पर छवि रंजन ने बनाया था दबाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची में तीन भूखंडों की खरीद-बिक्री में हुई अनियमितता की जांच इडी कर रही है। एजेंसी ने अब तक केस में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जबकि इस मामले में इडी की रडार पर रांची के कई सीओ, सीआइ और जमीन दलाल रडार पर है।

इडी पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि बरियातू रोड में सेना के कब्जे वाली भूमि की खरीद-बिक्री से पहले प्रदीप बागची के पक्ष में रिपोर्ट देने के लिए छवि रंजन ने दबाव बनाया था। रजिस्ट्री के लिए भी छवि रंजन ने ही दबाव दिया था। वहीं शुक्रवार को कोर्ट ने इडी को छविरंजन से चार दिनों तक और पूछताछ की मंजूरी दे दी।

रांची के पूर्व डीसी को इडी ने छह दिनों तक पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश किया। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ईडी ने दोबारा कोर्ट से छवि रंजन से पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड देने की अनुमति मांगी थी। चार दिनों की मिली।

छवि रंजन से ईडी सेना के कब्जे वाली जमीन, बजरा मौजा की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ कर चुकी है।



### इडी ने कोर्ट को बताया

इडी पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि बरियातू रोड में सेना के कब्जे वाली भूमि की खरीद-बिक्री से पहले प्रदीप बागची के पक्ष में रिपोर्ट देने के लिए छवि रंजन ने दबाव बनाया था। रजिस्ट्री के लिए भी छवि रंजन ने ही दबाव दिया था। पूछताछ में यह भी पता चला कि शहर के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल के अलग-अलग भूखंडों से जुड़े मामलों में भी रांची डीसी रहते छवि रंजन ने उनके पक्ष में कई आदेश दिये। अब तक की जांच में कई नये तथ्य सामने आये हैं। जिसके आधार पर रांची डीसी के अधीनस्थ कार्यालयों से दस्तावेज मांगे गये हैं। इस पूरे प्रकरण में किन-किन लोगों को लाभ पहुंचाया गया है और कौन-कौन इस षड्यंत्र का हिस्सा हैं, यह पता नहीं चल पाया है। इसलिए पूछताछ जरुरी है। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया है कि लैंड स्कैम से हुई कमाई से किसने-किसने कहा-कहा निवेश किया है और चल अचल संपति खरीदी है, इसका पता भी नहीं चल पाया है। इसलिए उन्हें छवि रंजन को इडी रिमांड पर दिया जाये।

### 13 अप्रैल को गिरफ्तार किये गये थे

जमीन घोटाले के मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी। इस छापेमारी के दौरान इडी ने कई दस्तावेज बरामद किया था। जिसके बाद सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों को इडी ने जेल भेज दिया है। इडी ने छापेमारी के दौरान रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है।

## न्यूज डायरी

### प्रेम-प्रसंग में युवती की गोली मार कर हत्या

**रांची।** राजधानी के हरमू पटेल चौक के पास शुक्रवार को अपराधियों ने बीबीए की छात्रा निवेदिता की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। एक अन्य छात्रा भी घायल है। पुलिस ने अपराधी की पहचान कर ली है। अंकित नाम के युवक ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। हॉस्टल से 50 मीटर की दूर पर अंकित ने निवेदिता से पूछा कि मुझसे बात क्यों नहीं कर रही हो, निवेदिता ने उसकी बात का कोई जवाब नहीं दिया। इसी दौरान अंकित ने निवेदिता पर पिस्टल तान दी और उसे तीन गोली मार दी।

### सड़क हादसे में घायल इंजीनियर नेहा की मौत

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्व विद्यालय (सीयूजे) की इंजीनियर नेहा की शुक्रवार को मौत हो गयी। 28 अप्रैल को सीयूजे से लौटते वक़्त जर्जर सड़क पर उनकी कार पलट गयी थी। इसमें वे घायल थीं।

### केंद्र-राज्य करेंगे यौन उत्पीड़न समिति गठित

**नयी दिल्ली।** शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध तरीके से पड़ताल करें कि सभी मंत्रालयों और विभागों में यौन उत्पीड़न समिति गठित हुई या नहीं।

### एयर इंडिया के पायलट का लाइसेंस निलंबित

**नयी दिल्ली।** डीजीसीए ने विमानन कंपनी एयर इंडिया की 27 फरवरी को दुबई-दिल्ली उड़ान के पायलट का लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित किया। कहा कि एयर इंडिया के पायलटों ने कॉकपिट में अपनी गर्लफ्रेंड को बुलाया था।

### चाईबासा : दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**चाईबासा।** टोंटो थाना क्षेत्र के तालाबुरू स्थित तालाब में नहाने के क्रम डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी। इसमें सुखलाल हांसदा की बेटी सुषमा हांसदा (6) और स्व प्रधान चांपिया का बेटा विष्णु चांपिया (4) शामिल है।

### देवघर डीसी मंजूनाथ ने एसीबी कोर्ट में दी गवाही

**रांची।** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री शुक्रवार को रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने अदालत में खूंटी जिले के ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन से जुड़े मामले में गवाही दी।

### अमित शाह मामले में राहुल गांधी को राहत

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह पर कथित टिप्पणी मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत 16 मई तक कायम रहेगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

## अखिल भारतीय शिक्षा संघ के अधिवेशन में पीएम मोदी ने कहा

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाई से होगी सबकी भलाई
- गांव-देहात और छोटे शहरों के शिक्षकों को होगा लाभ

एजेंसी

**गांधीनगर।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है। श्री मोदी ने अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के 29वें द्विवार्षिक अधिवेशन में यहां कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जो एक बड़ा प्रावधान किया गया है। वह हमारे गांव-देहात और छोटे शहरों के शिक्षकों की बहुत मदद करने वाला है। यह प्रावधान है कि मातृभाषा में पढ़ाई का। हमारे देश में अंग्रेजों ने ढाई सौ साल राज किया, लेकिन फिर भी अंग्रेजी भाषा एक वर्ग तक ही सीमित रही थी।

उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, आजादी के बाद ऐसी व्यवस्था बनी कि अंग्रेजी भाषा में ही शिक्षण को प्राथमिकता मिलने लगी।

(शेष पेज 11 पर)




### शिक्षक बनने लोग आगे आयें ऐसा माहौल बने

पीएम ने कहा कि शिक्षकों से जुड़ी चुनौतियों के बीच, आज हमें समाज में ऐसा माहौल बनाने की भी जरूरत है, जिसमें लोग शिक्षक बनने के लिए स्वेच्छा से आगे आयें। अभी जो स्थितियां हैं, उसमें हम देखते हैं कि लोग डॉक्टर बनने की बात करते हैं। इंजीनियर बनने की बात करते हैं। एमबीए करने की बात करते हैं। टेक्नोलॉजी को जानने की बात करते हैं। ये सारी बाते करते हैं लेकिन बहुत कम देखने को मिलता है कोई आकर कहे कि मैं शिक्षक बनना चाहता हूं। मैं बच्चों को पढ़ाना चाहता हूं। ये स्थिति किसी भी समाज के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होती है। ये सवाल उठना बहुत आवश्यक है कि हम नौकरी के लिए बच्चों को पढ़ा रहे हैं, तनख्वाह भी मिल रही है, लेकिन क्या हम मन से भी शिक्षक हैं, क्या हम जीवन भर शिक्षक हैं। क्या सोते, जागते, उठते बैठते हमारे मन में ये भावना है कि मुझे देश के आने वाले भविष्य को गढ़ना है। बच्चों को हर रोज कुछ नया सिखाना है। मैं मानता हूं समाज को बनाने में शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका होती है, लेकिन कई बार कुछ परिस्थितियां देखकर मुझे तकलीफ भी होती है।



भाजपा का सचिवालय घेराव मामला

# सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 12 जुलाई तक पीड़क कार्रवाई पर हाई कोर्ट की रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर झारखंड हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सांसद निशिकांत दुबे की ओर से सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। अब अदालत 12 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेगी।

**5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में दर्ज किया गया है केस**

पिछले महीने भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उसमें सांसद संजय सेठ, सांसद निशिकांत दुबे, सांसद समीर उरांव, सांसद सुनील कुमार सिंह, सांसद अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक अमित मंडल, विधायक बाबूलाल मरांडी, विधायक विरंची नारायण सिंह, पांकी के श्यामनंदन ओझा, शत्रुघ्न सिंह और आरती कुजूर के नाम शामिल हैं। इसके अलावा जमशेदपुर के प्रदीप मुखर्जी, अनीता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह बिंटी, अशोक कुमार, रमेश सिंह, रमेश नाथ तिवारी, संजीव कुमार सिंह, ब्रजकांत केसरी, गुजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी, विमल मरांडी, आनंद यादव, त्रिलोचन कुमार पासवान, संजू पांडेय, अमर नाथ कुमार सिंह और दीपक बड़ाईक पर भी मामला दर्ज किया गया है।

## अवमानना याचिका समाप्त

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट का पुतला दहन करने के मामले में अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी के माफीनामा को स्वीकार करते हुए एवं उनके द्वारा दिए गए अंडरटेकिंग कि वह भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करेंगे, याचिका निष्पादित कर दी। साथ ही अवमानना याचिका को समाप्त कर दिया।

महाधिवक्ता ने नक्शा स्वीकृति मामले में प्रपोजड फ्लो चार्ट किया प्रस्तुत

# रोक अभी जारी, आरआरडीए और रांची नगर निगम से मांगा जवाब

**नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक को हाई कोर्ट ने जारी रखा, अगली सुनवाई 15 मई को**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हाईकोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई शुक्रवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखा है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने नगर निगम में नक्शा स्वीकृति की कार्य प्रणाली में परिवर्तन से संबंधित प्रपोजड फ्लोचार्ट कोर्ट में प्रस्तुत किया। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरआरडीए एवं रांची नगर निगम (आरएमसी) को इस फ्लोचार्ट पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 15 मई निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कोर्ट से नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया था, जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को इससे संबंधित पिटिशन दाखिल करने को कहा था। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है कि राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई करने पर रोक जारी

**रांची।** 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस अधिवेशन में विवादित टिप्पणी से जुड़े रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुजनाथ की कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में प्रतिवादी नवीन झा को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया था। भाजपा नेता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, धनबाद।

मोबाईल नं0 : 8789242462 Email : rdsd.dhanbad@rediffmail.com

पत्रांक:– 470 धनबाद/दिनांक–11.05.2023

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक 294 दिनांक 27.03.2023 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**29/2022-23/RDSD/EE/Dhanbad/Gr 01** जिसका **PR No. 293763 Rural Development(22-23):D** में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

(ई0 नरेन्द्र कुमार)
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, धनबाद

PR 297232 Rural Work Department(23-24)D


# मानव तस्कर पन्नालाल की याचिका खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मानव तस्कर पन्नालाल महतो की ओर से एनआईए कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। जिस पर कोर्ट ने अनुमति देते हुए याचिका खारिज कर दी। एनआईए की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की।

दरअसल, एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, खूंटी में दर्ज कांड संख्या 7/ 2019 को 9 अप्रैल 2020 को एनआईए को स्थानांतरित किया गया है। रांची की एनआईए की विशेष अदालत ने उसके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बता दें कि मानव तस्कर पन्नालाल व उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड की गरीब लड़कियों को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। एनआईए ने वर्ष 2020 में खूंटी के एंटी हयूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट में 19 जुलाई 2019 को दर्ज केस को टेकओवर किया था। रांची एनआईए की विशेष अदालत ने अभी इस मामले में गवाही चल रही है। पन्ना लाल के मामले में एनआईए की ओर से तीन गवाही कराई जा चुकी है। फरवरी माह में पन्ना लाल के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिव शंकर गंझू एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ आरोप गठन किया गया था।

24 मई को नये हाइकोर्ट भवन का होगा उद्घाटन

## सीएम ने चीफ जस्टिस संग हाइकोर्ट भवन के उद्घाटन को लेकर चर्चा की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के नये भवन के उद्घाटन समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के बीच वर्चुअल बैठक हुई। आगामी 24 मई 2023 नये हाइकोर्ट भवन का उदघाटन किया जाना है। उच्च न्यायालय भवन के उद्घाटन से संबंधित तैयारियों की रूप-रेखा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार- विमर्श हुआ। इस दौरान अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये गये। इस वर्चुअल बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव भवन निर्माण विभाग सुनील कुमार एवं डीआईजी अनूप बिरथरे उपस्थित थे।


ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/16/Latehar/2023-24 दिनांक–12-05-2023

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 150 Bedded Hostel in schedule Tribe Residential School Mahuadanr,Latehar | Rs. 3,90,79,816.00 | 11 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 18-05-2023 |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 07-06-2023 up to 11:00 A.M |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9835316593 |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR 297274 Building(23-24)D


# दाहू यादव को पुलिस जान-बूझकर नहीं कर रही गिरफ्तार : बाबूलाल

डीजीपी और ईडी दाहू यादव की गिरफ्तारी पर लें संज्ञान



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि ईडी के अभियुक्त दाहू यादव को पुलिस जान-बूझकर गिरफ्तार नहीं कर रही है। उन्होंने ट्विट कर कहा कि दाहू यादव ने चेतावनी दी है कि अगर वह पकड़ा गया, तो ईडी के सामने साहिबगंज खनन घोटाले में शामिल सभी सरकारी और गैर सरकारी हिस्सेदारों के बारे में सबकुछ बता देगा। दाहू की चेतावनी से पुलिस और प्रशासन के उन अफसरों की सांस फूल रही है, जो उसके अपराध और काली कमाई के हिस्सेदार रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस ने दाहू की कुर्की-जब्ती की सिर्फ खानापूर्ति की। दाहू के व्हाइट हाउस, होटल और उसके कब्जे वाले विवादित मकानों समेत उसके दूसरी संपत्तियों को हाथ तक नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि दाहू पुलिस की मदद से उन लोगों को भी परेशान कर रहा है, जो उसके खिलाफ ईडी के गवाह बने हैं। उन्होंने डीजीपी और ईडी से संज्ञान लेने की मांग की है।

विधायक लंबोदर महतो के पुत्र हैं शशि शेखर

## झारखंड के शशि शेखर ने माउंट लो बुचे ईस्ट में फहराया तिरंगा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के शशि शेखर ने नेपाल स्थित माउंट लो बुचे ईस्ट में तिरंगा फहराया है। यह 6119 मीटर यानि 20075 फीट ऊंची चोटी है, जो हिमालय पर्वत श्रृंखला की एक टेक्निकल चोटी है। शशि शेखर ने अपनी चढ़ाई बेस कैंप से शुरू कर हाईर कैंप तक की। इसके बाद हाईर कैंप से लगातार चढ़ाई करते हुये चोटी पर तिरंगा फहराया।

बकौल शशि शेखर उसका अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराना है। इसकी तैयारी करने के लिए उन्होंने माउंट लोबुचे की चढ़ाई की। शशि शेखर माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक पहुंच चुके हैं। आगे कैंप-3 तक का रोटेशन पूरा कर बेसकैंप पर शिखर पर चढ़ने के लिये वेदर विंडो खुलने का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, शशि शेखर विधायक डॉ. लंबोदर महतो के पुत्र हैं। इसके पूर्व शशि शेखर 19 हजार फीट पर स्थित माउंट मणिरंग के समिट कैंप में भी तिरंगा फहरा चुके हैं। मणिरंग भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। इसकी कुल ऊंचाई 21631 फीट है।


JAPIT

Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

**(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com**

**CORRIGENDUM-V**

**Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)**

**Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023**

With reference to the above tender, it is hereby informed that the date has modified as under:

| S.N | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Last Date for Submission of Bids online | 31/05/2023 up to 6:00 PM. |
| 2. | Last Date for Submission of Tender Fee, EMD and Technical Document offline | 02/06/2023 at 3:00 PM |
| 3. | Date of Opening of Technical Bid | 02/06/2023 at 3:30 PM |
| 4. | Date of Commercial Bid opening | To be Informed Later |

**PR Ref No. 289890**
PR297258 (Information Technology)23-24*D

Sd/-
CEO, JAP-IT


एक माह में पैसे डबल होने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी

# साइबर अपराध से बचने के लिए जीवी फुटबॉल ऐप को मोबाइल से अनइंस्टॉल करें: सीआइडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सोशल नेटवर्क में एक माह में पैसे डबल होने वाले गिरोह ने रांची सहित पूरे झारखंड से करोड़ों रुपये की ठगी की है। इस बाबत झारखंड पुलिस के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने वेबसाइट को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने आम लोगों से अपील की है कि वह जल्द से जल्द अपने मोबाइल से उस एप्लीकेशन (जीवी फुटबॉल) को अनइंस्टॉल कर दें। पैसे डबल करने का लालच देकर यह ऐप अब तक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है।

**क्या है एडवाइजरी में :** झारखंड सीआइडी की तरफ से यह कहा गया है कि साइबर क्राइम ब्रांच रांची को सूचना प्राप्त हुई कि चाइना से संचालित एक वेबसाइट पर फुटबॉल मैच में बेटिंग के लिए लोगों को पैसा निवेश करने के नाम पर ठगा जा रहा है। आम लोगों को यह सूचित किया जाता है कि यह वेबसाइट फर्जी है और इसमें दिया एप्लीकेशन झूठा है।

**लगातार आ रहे मामले सामने :** राजधानी रांची, रामगढ़ और बोकारो जैसे शहरों से इस तरह की ठगी के मामले थानों में रिपोर्ट किए जा रहे हैं। सीआइडी के प्रयास से अब तक कई ठगी के खातों को फ्रीज भी किया गया है।


कार्यालय, जिला परिषद,गुमला

अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना

हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि की सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।

दिनांक 28.03.2023 को संपन्न जिला परिषद्, गुमला की बैठक में लिए गए निर्णय व दिनांक 11.05.2023 की बैठक में निर्धारित दर के आलोक में गुमला जिला अन्तर्गत निम्नलिखित बाजार हाटों की बन्दोबस्ती की जानी है।

अतः एतद द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | हाट बाजार का नाम | वर्ष 2023–24 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिसई | सिसई हाट | 25.05.2023 | 3.00 बजे अप0 | 750000 (सात लाख पचास हजार) | 75000 (पचहतर हजार मात्र) |
| 2 | भरनो | भरनो दक्षिणी | 25.05.2023 | 3.00 बजे अप0 | 250000 (दो लाख पचास हजार) | 25000 (पचीस हजार मात्र) |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 24.05.2023 तक **कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा**।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद,गुमला

PR 297213 Rural Development(23-24).D


मिशन 2024 फतह के लिए भाजपा ने चुनाव प्रबंधन पर दिया जोर

# मिशन कमल को लेकर भाजपा की सक्रियता बढ़ी

**बूथ लेवल पर बन रहे वाट्सएप ग्रुप**

**बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत कमेटी बनाने का निर्देश**






**उदय चौहान**

**रांची।** मिशन 'कमल' को लेकर भाजपा की सक्रियता बढ़ गयी है। प्रदेश भाजपा ने मिशन 2024 के फतह के लिए चुनाव प्रबंधन पर जोर दिया है। इसके साथ ही बूथ लेबल पर वाहट्स अप ग्रुप बनाया जा रहा है। साथ ही, प्रदेश के दिग्गज नेता जिलों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं को मांजने में जुटे हैं। पार्टी के सभी कार्यकर्ता और नेता को एक-एक वाट्सएप ग्रुप बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया है। केंद्रीय चुनाव प्रबंधन द्वारा झारखंड के सभी 29,485 बूथों के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक झारखंड में 29,485 बूथों में से अब तक करीब 17,000 बूथों के लिए वाट्सएप ग्रुप बना लिया गया है।

गौरतलब है कि वाट्सएप ग्रुप का नाम भी अलग किस्म का रखा जा रहा है। विधानसभा के नाम के साथ बूथ नंबर देकर भाजपा कार्यकर्ता और नेता वाट्सएप ग्रुप बनाने में जुटे हैं। इस कार्य में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर पार्टी के सभी विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक वाट्सएप ग्रुप में 11 पदाधिकारी और 20 भाजपा के पन्ना प्रमुख को जोड़ने का प्रावधान है। इसके अलावे स्थानीय लोग, पार्टी के नेता, प्रमुख व्यक्ति जो उस मतदान केंद्र से जुड़े हैं, उन्हें जोड़े जायेंगे। केंद्रीय नेतृत्व इस वाट्सएप ग्रुप की मॉनिटरिंग करेगी। इस पर पार्टी के नेता कार्यकर्ता क्षेत्र से संबंधित गतिविधि की जानकारी तस्वीर के साथ साझा कर सकते हैं।

**चुनाव में बढ़ के लिए प्रयासरत भाजपा :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि चुनाव में बढ़त के लिये पार्टी कार्यकर्ता जुटे हुये हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव में भगवा परचम लहराने के लिए तैयारी तोर पकड़ रही है।

हालांकि, भाजपा विरोधी दलों की हो रही गोलबंदी के बीच केंद्र में हैट्रिक लगाने की तैयारी चल रही है। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि कुशल चुनाव प्रबंधन और संगठनात्मक मजबूती के बल पर 2024 के चुनावी नैया को पार लगाने में जरूर सफलता मिलेगी।


MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-02/2023-24 Date – 12/05/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 16/05/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 23/05/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 24/05/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 25/05/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga. |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 6. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 06526 223508 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 7. | Helpline Number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost (in Lac) | Cost of BOQ (in Lac) | Earnest Money (in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kisko | Construction of Toilet & Kitchen in Rajkiyakrit Utkramit Madhya Vidyalaya at Vill- Bethat. | 17.46463 | 0.5000 | 0.35000 | 02 Months |

**Note :- Only e-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 297262 Lohardaga (23-24)_D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

स्पीड न्यूज

# नारायणा जमशेदपुर के 122 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक किया स्कोर

## सूत्रधार बने एनआइटी के नये डायरेक्टर



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रावैधिकी संस्थान जमशेदपुर के निदेशक के पद पर डॉ. गौतम सुत्रधार ने अपना योगदान दिया। डॉक्टर सुत्रधार एनआईटी मणीपुर में निदेशक के पद पर कार्यरत थे और अपने 5 वर्षों के कार्यकाल को पूरा कर दूसरी बार किसी एनआईटी में निदेशक के पद पर नियुक्त हुए हैं। वैसे तो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से 2 मई को ही इनका नियुक्ति पत्र आ चुका था लेकिन एनआईटी मणिपुर से कार्यमुक्त होने एवं अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने की वजह से डॉक्टर सूत्रधार 12 मई को संस्थान में अपना योगदान दे पाए। वही संस्थान के निवर्तमान निदेशक डॉ करुणेश कुमार शुक्ला एनआईटी जमशेदपुर में अपना कार्यकाल पुरा कर अपने मूल संस्थान एनआईटी इलाहाबाद में योगदान देंगे। वैसे डॉ. शुक्ला की भी नियुक्ति एएनआईटी भोपाल में निदेशक के पद पर 5 वर्षों के लिए हुआ है। डॉक्टर शुक्ला एनआईटी इलाहाबाद में औपचारिकताओं को पूरा कर एनआईटी भोपाल निदेशक के पद पर योगदान देने जाएंगे। एनआईटी जमशेदपुर के नए निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार ने आईआईटी खरगपुर से फाउंड्री टेक्नोलॉजी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एमटेक की डिग्री प्राप्त किया है और बीआईटी मेसरा से पीएचडी किए हैं। सुत्रधार मूल रूप से जादवपुर विश्वविद्यालय कोलकाता में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर है और फंड्री टेक्नोलॉजी में देश के जाने-माने विशेषज्ञ हैं। डॉक्टर सूत्रधार अपने योगदान के पहले दिन ही संस्थान के कुलसचिव, डीन, विभागाध्यक्ष, एवं सभी प्रभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संस्थान के समग्र विकास पर कार्य योजना के लिए गहन विमर्श किया। इस आशय की जानकारी संस्थान के मिडीया प्रभारी सुनील कुमार भगत ने दी।

## कैप्टन सोमेंद्र की पत्नी निर्मला कर्मकार को दी गयी अंतिम विदाई



**जमशेदपुर।** मोइरंग पर नेताजी के साथ झंडा फहराने वाले आजाद हिंद फौज के कैप्टन सौमेन्द्र कर्मकार की पत्नी वीर नारी नीलिमा कर्मकार का उनके निवास स्थान पर ही आज शाम देहांत हो गया।लंबे दिनों से उनकी देखभाल कर रहे अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् जमशेदपुर के नवेन्दु गांगुली के मुताबिक वीर नारी नीलिमा जी कई दिनों से बीमार चल रही थी एवं कोई काम करने में असमर्थ थी लेकिन शहर में एक भी हॉस्पिटल नहीं था ,जो आगे आकर कहे की ऐसे वीर नारी का ईलाज हमारे हॉस्पिटल में होगा, यह हमारे जमशेदपुर के लिए दुर्भाग्य की बात है। उनका अंतिम संस्कार आज भुईयाडीह घाट पर संपन्न होगा।

## अवैध लकड़ी लदे दो गाड़ियों को किया जब्त

**चांडिल।** ईंचागढ़ थाना क्षेत्र के नागासेरेंग के पास पुलिस ने अवैध लकड़ी लदे दो 407 गाड़ीयो को जब्त किया। ईंचागढ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने कहा गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात यह कार्रवाई की गई। मालूम हो कि ईंचागढ थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने ईंचागढ़ थाना क्षेत्र के ही बड़ा आमड़ा बनडीह निवासी 28 वर्षीय शौकत अंसारी गाड़ी के खलासी को पकड़ कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार अवैध लकड़ी तमाड़ से जमशेदपुर की ओर ले जाया जा रहा था। मालुम हो की कुछ दिन पूर्व में ईंचागढ पुलिस ने अवैध बालू के खिलाफ भी कार्रवाई किया था।

### सीबीएसई 10वीं व 12वीं में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



आयुषी दास।



अध्याय चौधरी।



अमित मंडल।



अंशिका कुमारी।

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान 'नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर' के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई (दशवीं) एवं सीबीएसइ (बारहवीं) बोर्ड 2023 में अपार सफलता अर्जित की।

नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि सीबीएसई (दशवीं) एवं सीबीएसई (बारहवीं) बोर्ड 2023 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 122 है। जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर होने की संभावना है।

नारायणा जमशेदपुर से सीब्रीएसई. (दशवीं) एवं सीब्रीएसई.(बारहवीं) बोर्ड 2022 के रिजल्ट में 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले कुछ सफल छात्रों के नाम : सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर के छात्र : आयुषी दास (96.2%), मयंक राज (96%), आदित्य (96%) कृतिका आर्यन (95.6%), अनुपम डे (94.8%), अनुराग सेनगुप्ता (94.2%), यश कुमार (94%), आदित्य (93.6%), शिवांग झा (93.2%), मो. जिसान (93.2%), सागर (93%), चिन्मय (93%), मो. फरहान साहिद (92.4%), अंशु प्रिया (92.4%), अंशिका कुमारी (92.4%), अमित मंडल (92.4%), आदित्य कुमार (91.8%), अनन्या सिंह (91.8%), श्रेष्ठा सरकार (91.6%), सोम्या सिंघल (91.6%), श्रेयस कुमार (90%), अध्याय चौधरी (90%)। सीब्रीएसई 12वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर के छात्र : सुमित कुमार (96.4 प्रतिशत), निशित दास (95.6 प्रतिशत), ए. अनन्थकृष्णन (94.6प्रतिशत), नविहा मंसूर (93.4प्रतिशत), प्रिया कुमारी (93प्रतिशत), एन जे श्रुति (92.6प्रतिशत), के उत्कर्ष (91.8प्रतिशत), शिवानी गोराई (91.6प्रतिशत), सागर चौधरी (91.6प्रतिशत), आस्था सिन्हा (91प्रतिशत)।

भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जेईई (मेन एवं एडवान्स) एवं नीट - 2023 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है।

पुनः श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैकिंग का पता चलता है अर्थात जमशेदपुर सेन्टर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को केवल अपने कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कम्प्टीशन नहीं बल्कि उनका कम्प्टीशन पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से हो रही है।

पुनः उन्होंने कहा कि नारायणा न केवल इंजिनियरिंग एवं मेडिकल इन्स्टीच्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणा अपनी इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है।

# सीबीएसइ बारहवीं में आकाश इंस्टीट्यूट की छात्रा सागरिका आचार्य स्टेट टॉपर

विद्या भारती चिन्मया,टेल्को से की स्कूलिंग, विद्यालय परिवार भी हर्षित

खबर मन्त्र ब्यूरो



आकाश की छात्रा सागरिका सह निदेशक रमण प्रसाद व शिक्षकगण के साथ।



बेहतर करने वाले आकाशियन।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को 10वी एवं 12वी सीबीएसई की परीक्षा परिणाम घोषित हुई, जिसमें आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने राज्य में सबसे अव्वल परिणाम प्रस्तुत करने में सफल रहे। संस्थान की स्वस्ति पांडेय जहाँ 10वी सीबीएसई की परीक्षा में कुल 97.20% मार्क्स लाकर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही सागरिका आचार्य ने 12वी सीबीएसई में कुल 97.60% मार्क्स लाकर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त की है। सागरिका टेल्को कालोनी स्थित विद्या भारती चिन्मया स्कूल की छात्रा है। उसकी उपलब्धि पर आकाश इंस्टीटयूट के सह निदेशक रमण प्रसाद और विद्यालय की प्राचार्या मीना बिलखू ने खुशी व्यक्त की है। स्वस्ति पांडेय आकाश जमशेदपुर केंद्र में दो वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स मेडिकल के नियमित छात्रा है सागरिका आचार्य आगे एक सफल डॉक्टर बनना चाहती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने स्वरुप उन्होंने आकाश इंस्टिट्यूट के चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स मेडिकल व बोर्ड परीक्षा के लिए दाखिला लिया है। सागरिका आचार्य शुरूआत से ही एक बहुत ही सुसंगत छात्रा रही है और उसने अपनी सभी कक्षाओं और परीक्षणों को पूरी ईमानदारी से लिया है। आकाश इंस्टीट्यूट को पूर्ण विश्वास है कि वह आने वाले वर्षो में नीट के परीक्षा में अपनी कठिन परिश्रम से बहुत अच्छा परिणाम हासिल करेगी। संस्थान के निदेशक, राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों को सफलता पर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें मोटिवेशन एवं गाइडेंस दिया। गौरतलब है कि संस्थान के कक्षा 10वी सीबीएसई में करीब 87% छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक एवं 12वी सीबीएसई में करीब 62% छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, परिणाम की खोज अभी भी जारी है। इस परिणाम के पीछे संस्थान का रणनीतिक योजना सार्थक साबित हो रही है।

संस्थान एक तरफ जहां प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाती है तो दूसरी तरफ बोर्ड एग्जामिनेशन पर भी उतना ही प्रभावी एवं योजनाबद्ध तरीके से उन्हें प्रशिक्षित करती है। जिसके परिणामस्वरूप यहां के छात्र छात्राओं ने प्रत्येक वर्ष सबसे उत्कृष्ट परिणाम देने में कामयाब हुए हैं।

# अवैध खनिज कारोबारियों की अब खैर नहीं : उपायुक्त

- अवैध खनिज कारोबारियों की अब खैर नहीं : डीसी
- डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफिया पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अवैध उत्खनन और अवैध परिचालन पर गंभीरता से समीक्षा कर रही है। खनन टास्क फोर्स जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाये तथा पुलिस और सामान्य प्रशासन के संबंधित विभाग खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करें।

# टाटा स्टील के समर कैंप का हुआ आगाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील समर कैंप 2023 का उद्घाटन आज सुबह चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने किया। 22 खेल गतिविधियों वाल समर कैंप में 3000 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। सभी बच्चे अपने माता-पिता के साथ जोश में थे और शिविर में भाग लेने और नये कौशल सीखने के लिए उत्साहित थे।यह उन्हें सामाजिक रूप से सक्रिय भागीदारी करने, अपनी गर्मी की छुट्टियों का सार्थक तरीके से आनंद लेने और साथ में मौज-मस्ती करने का मौका भी देगा। टाटा स्टील खेल विभाग के 150 से अधिक विशेषज्ञ प्रशिक्षक और स्वयंसेवक, समर कैंप को सफल और प्रतिभागियों के लिए सुखद बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ सुधीर राय, जेनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील, हेमंत गुप्ता, हेड, स्पोर्ट्स और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन, आनंद मेनेजेस, ओलंपियन और संतोष ठाकुर भी उपस्थित थे।

## बीपीसीएल से टाटा स्टील के फेरो एलॉय प्लांट,जाजपुर को मिलेगा एलएनजी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**भुवनेश्वर/ जमशेदपुर।** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ जाजपुर, ओडिशा में स्थित अपने फेरो एलॉय प्लांट के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। टीएसएमएल और बीपीसीएल के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में गुरुवार को यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू का आदान-प्रदान हेमंत शर्मा, प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग, ओडिशा सरकार की उपस्थिति में किया गया, जिन्होंने सस्टेनेबिलिटी पहल की सराहना की और कहा, मैं बीपीसीएल और टाटा स्टील माइनिंग को गैस विक्रय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बधाई देता हूं जो ओडिशा में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेगा। एमओयू के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में भारत की अग्रणी तेल और गैस कंपनी बीपीसीएल जाजपुर में टीएसएमएल के फेरो एलॉय प्लांट को अपनी पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की समझौते के अनुरूप आवश्यक मात्रा की आपूर्ति करेगी। यह समझौता, जो टाटा स्टील माइनिंग की सस्टेनेबिलिटी पहल का एक हिस्सा है, व्यवसाय को अपने कार्बन फुटप्रिंट को महत्वपूर्ण रूप से कम करने में मदद करेगा क्योंकि यह फर्नेस ऑयल के बजाय स्वच्छ ईंधन एलएनजी का उपयोग करके फेरो एलॉय का उत्पादन करने की अनुमति देगा, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में काफी कमी आएगी। इस अवसर पर पंकज सतीजा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील माइनिंग ने कहा कि, बीपीसीएल के साथ हमारी साझेदारी जाजपुर में हमारे फेरोअलॉयज संयंत्र के लिए एलएनजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

## 168वीं जयंती पर भूविज्ञानी पीएन बोस को किया गया नमन



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी, प्रमथ नाथ बोस (पी एन बोस के नाम से लोकप्रिय) को आज उनकी 168वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। दिन की शुरूआत सुबह श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ हुई, जहां टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधन और कर्मचारियों ने आर्मरी ग्राउंड के पास पीएन बोस को श्रद्धांजलि दी। मौके पर उत्तम सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील और संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# भुइयांडीह ऑक्सीजन कॉलोनी के मैदान की घेराबंदी का गुंजन यादव ने किया विरोध

कहा- मैदान में दुगार्पूजा होती थी और होगी, विकास कार्यो का विरोध नही परंतु जनभावना के अनुरूप हो विकास कार्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भुइयांडीह लिट्टी चौक के समीप शुक्रवार को बीओसी के ऑक्सिजन कॉलोनी मैदान की टाटा कंपनी के द्वारा घेराबंदी करने आये लोगों का सैकड़ो स्थानीय निवासियों ने कड़ा विरोध किया। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी मैदान की घेराबंदी और निर्माण कार्य का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सदियों से उक्त स्थान बीओसी कंपनी के ऑक्सीजन कॉलोनी के रूप से जानी जाती है। जहां पर दुगार्पूजा, गोवेर्धन पूजा, रामनवमी के अखाड़ा, श्रीराम कथा, भागवत कथा एवं कई अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न होते आ रहे हैं। कहा कि हम विकास कार्यों का विरोध कतई नही कर रहे हैं, टाटा कंपनी प्रबंधन मैदान में पार्किंग बनाये, पार्क बनाये, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाये, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाये अथवा अन्य कोई निर्माण कार्य करें। इन सब कार्यों से कोई आपत्ति नही है, परंतु विकास कार्य के नाम पर बस्तीवासियों के भावनाओं को कुचलने नही देंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन के साथ भुइयांडीह के लोग अपने निजी आयोजन को लेकर भी इसी मैदान पर आश्रित हैं। ऐसे में अब टाटा कंपनी द्वारा इसे घेरे जाने से वैसे सभी निजी एवं धार्मिक अनुष्ठान बाधित होंगे। गुंजन यादव ने कहा कि इस मामले को लेकर स्थानियों निवासियों के संग टाटा कंपनी प्रबंधन की पूर्व में बातचीत भी हुई थी जिसपर कंपनी प्रबंधन ने बस्तीवासियों से उचित स्थान को सौन्दर्यीकरण कर सौंपने का वादा किया था। लेकिन अब इसके बिना ही घेराबंदी का कार्य कर मैदान को क्यों छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक कंपनी अपने वादे के मुताबिक बस्तीवासियों को धार्मिक अनुष्ठान हेतु स्थान नहीं देती तब तक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जायेगा। इसके साथ ही, कहा कि मैदान में दुगार्पूजा धूमधाम से होते आ रही है और धूमधाम से आगे भी होगी। इसके लिए बस्तीवासियों के संग जो लड़ाई लड़नी होगी उसे लड़ने को तैयार है।

### विधायक की मांग पर जुस्को बना रही वाटर ट्रिटमेंट प्लांट : सुबोध श्रीवास्तव

**जमशेदपुर।** भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने प्रेस वक्तव्य जारी कर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव द्वारा बाबुडीह पुराने पार्किंग के पास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य में अवरोध पैदा करने के कृत्य पर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सुबोध ने कहा है कि भुइयांडीह के बाबुडीह इलाके में विधायक सरयू राय के अथक प्रयास से जुसको द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। विदित हो की बाबुडीह की बड़ी आबादी लंबे कालखंड से पेयजल संकट से जूझ रही है और पिछ्ले 25 वर्षों में यहां की जनता को पेयजल संकट से निकालने के लिए जो कार्य नही हुआ वह सरयू के दृढनिश्चय के कारण संभव हो सका है और आने वाले एक वर्ष में यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनकर जनता को सुपुर्द कर दिया जाएगा। सुबोध श्रीवास्तव ने कहा का विधायक सरयू राय ने स्थानीय लोगो की धार्मिक भावना का ख्याल रखते हुए जुसको के अधिकारियों से पूर्व में ही यहां प्रयाप्त भूमी को पूजा स्थल के लिए छोड़कर प्लांट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया था जिसे जुसको ने स्वीकार किया था।

## खबर एक नजर में

### श्रीनाथ पब्लिक : रिषभ राज 97 परसेंटाइल लाकर बने स्कूल टॉपर




**जमशेदपुर।** सीबीएसई कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा फल में श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। विद्यालय में खुशी की लहर है। विद्यालय में रिशव राज ने 97% अंक हासिल कर प्रथम स्थान पाया, द्वितीय स्थान में 94% अंक के साथ तन्वी रॉय है एवं तृतीय स्थान 93 .8% सहित जागृति राज द्वारा अर्जित किया गया है चौथे स्थान पर 91.8% अंक के साथ मोहित कुमार नायक है तथा पांचवें स्थान पर 90% अंक के साथ अजय कुमार द्वारा अर्जित किया गया है विद्यालय का परिणाम सतप्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री सुखदेव महतो जी ने अकादमिक निर्देशक, प्राचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाए, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं अभिभावक को बधाई दी तथा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चिन्मया स्कूल का जय 10 वीं में लाया 92 परशेंटाइल



**जमशेदपुर।** बिस्तुपुर स्थित चिन्मया विद्यालय का जय केवलका ने 10वीं के परीक्षा में 92% अंक प्राप्त किया है। जय केवल्का जुगसलाई के रहने वाले जय के पिताजी जुगसलाई में ग्रोसरी शॉप चलाते है और जय की माताजी ग्रहणी हैं। पूरे परिवार के लोग खुश हैं। जय बताते हैं कि पढ़ाई में उनकी मदद उनके बड़े भाई जो हाल ही में सीए बने मोहित केवलका उनको काफी मदद करते हैं। जय ने परिवार सहित स्कूल का नाम रोशन किया है ।

### भाजपा नेता दिनेश कुमार के पुत्र यश कुमार को इंटरमीडीयेट में 82% अंक



जमशेदपुर। टेल्को स्थित चिन्मया विद्यालय में विज्ञान (गणित) का छात्र यश कुमार ने सीबीएसएसी इंटरमीडीयेट परीक्षा में 82% अंक प्राप्त किया है। यश जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार का सुपुत्र है। दो वर्ष पूर्व कोविड संक्रमणकाल के दौरान यश कुमार का दाखिला टेल्को कॉलोनी स्थित विद्या भारती चिन्मया विद्यालय में हुआ था। यश के इन अंकों को उनके पिता दिनेश कुमार सफलता के तौर पर देखते हैं।उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए अपने पुत्र को बधाई देते हुए जिक्र किया की कोविड की नई चुनौती के मध्य नये स्कूल में दाखिला लेकर जल्दी से उसी माहौल में ढलना आसान नहीं होता। मालूम हो की यश की मैट्रिक तक की पढाई राँची स्थित एक बोर्डिंग स्कूल से हुई थी मैट्रिक में यश को 93% अंक प्राप्त हुए थे। दिनेश कुमार ने बताया कि बेटे के 82 फीसदी अंक के साथ प्योर साईंस संकाय में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने पर जेठुमल परिवार गौरवांवित है। वे यश के उज्जवल भविष्य की कामना करते है। यश ने अच्छे परिणाम का श्रेय अपने माता पिता सहित स्कूली शिक्षकों को और ट्यूशन टीचरों को दिया। अच्छा माहौल देने के लिए स्कूली मित्रों और सहकर्मियों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त किया।

### भाजपा कार्यकर्ता विनोद कुमार के पुत्र सौरव ने प्राप्त किया 93 परशेंटाइल



**जमशेदपुर।** भाजपा उलीडीह मंडल के कार्यकर्ता विनोद कुमार जी के पुत्र सौरभ कुमार ने मैट्रिक के परीक्षा में लाया 93% मार्क्स। सौरव कुमार डीएवी बिस्तूपुर से मैट्रिक की परीक्षा दी थी। मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान जी ने मिलकर बधाई एवम शुभकामनाए दी।

### कांग्रेसी रामाश्रय प्रसाद के पोती अक्षिता ने 92.2% अंक प्राप्त किया



जमशेदपुर। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामाश्रय प्रसाद के पोती अक्षिता कुमारी ने बायो साइंस में 92.2% अंक प्राप्त किया। अक्षिता विद्या भारती चिन्मया विद्यालय टेल्को की छात्रा है, ये डॉक्टर बन शोध के क्षेत्र में जायेंगी। इनके पिताजी टीएसडीपीएल लॉजिस्टिक विभाग में काम करते हैं।

### टॉपर रवि डॉक्टर बन करेंगे गरीब गुरबा की सेवा



जमशेदपुर। विवेक विद्यालय छोटा गोविंदपुर के होनहार छात्र रवि शंकर प्रसाद ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96% अंक अर्जित कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। तीन तल्ला जनता फ्लैट निवासी रवि के पिता संजय प्रसाद चालक और मां नीतू सिन्हा कुशल ग्रहणी है। रवि ने सेल्फ स्टडी और स्कूल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर चलकर टॉपर बने। इन्होंने आगे की पढ़ाई इसी स्कूल से बायो साइंस में नामांकन कराया है और वे डॉक्टर बनकर गरीब गुरबा की सेवा में विश्वास रखते हैं। रवि के पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी को देखकर स्कूल विवेक विद्यालय मैनेजमेंट कमिटी ने फीस माफ कर दिया है। प्राचार्य अवधेश सिंह ने रवि के बेहतर भविष्य की कामना की।

### भाजपा नेता विकास को मिली अग्रिम जमानत

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड के बीचो बीच बने सब्जी बाजार के तोड़ने के मामले में भाजपा नेता विकास सिंह को जिला सत्र न्यायाधीश ने अग्रिम जमानत दे दिया, पूर्व में इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई थी। गिरफ्तारी की रोक की तिथि समाप्त होने पर भाजपा नेता विकास सिंह के अधिवक्ता संजीव रंजन बरियार ने अग्रिम जमानत की अर्जी देते हुए कहा कि विकास सिंह सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता है, इनके ऊपर पूर्व में किसी प्रकार का क्रिमिनल ऑफेंस नहीं है, बिना सूचना दिए जिला प्रशासन के द्वारा फुटपाथी दुकानदारों को बलपूर्वक हटाए जाने की सूचना पर विकास सिंह ने मौके पर जाकर कानून का उल्लंघन कर फुटकर दुकानदारों को उजाड़ने का विरोध किया था।

# पाक का प्रपंच

हमेशा से आतंकवाद और उग्रवाद का पनाहगाह रहा पाकिस्तान इन दिनों सकते में है। इसके लिए कोई और नहीं बल्कि उसकी खुद की विचारधारा ही जिम्मेवार है। डूबती अर्थव्यवस्था और भारी कर्ज के बीच पाकिस्तान के हालात दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का टूटना उसकी कट्टरपंथी विचारधारा और सरकार की ओर से प्रायोजित आतंकवाद का परिणाम है। पाकिस्तान ने विकास में कभी दिलचस्पी नहीं ली है और अपने नागरिकों की भलाई के लिए पूरी तरह से उपेक्षा की है, जिसके कारण से देश को सबसे खराब संकट का सामना करना पड़ा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में वर्तमान स्थिति दशकों की गलत नीतियों की परिणति है, जिसके कारण आज देश में एक भीषण आंतरिक संकट पैदा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पाकिस्तान ने हमेशा जिहाद के नाम पर उग्रवाद और आतंकवाद का समर्थन और संरक्षण किया है। देश ने अपने दीर्घकालिक आर्थिक विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया, और इसके बजाय अपने पड़ोसी पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध छेड़ा है। पाकिस्तान की खुद का कर्ज वहन करने की क्षमता संप्रभु लोगों में सबसे कमजोर है। इस वर्ष पाकिस्तान का कर्ज 15.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। अकेले पाकिस्तान का ब्याज भुगतान दायित्व इस वर्ष उसके राजस्व का आधा है जो पिछले साल की तुलना में 25% अधिक है। पाकिस्तान का बाहरी कर्ज वित्त वर्ष 2017 में 66 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर आज 100 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक हो गया है। देश 250 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक के कर्ज का सामना कर रहा है, जो पाकिस्तानी की वहन क्षमता से कहीं अधिक है, जिसमें वह 2023 तक 33 बिलियन अमरीकी डॉलर के कर्ज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है।

# गरीब मुल्कों का हित

मनुष्य की लालच की हद तक मुनाफा कमाने की होड़ ने बीसवीं सदी से ही प्रदूषण का जहर वातावरण में घोलना शुरू कर दिया था। कालांतर यही विकास मानव को विनाश की ओर ले जाने लगा। आज दुनिया का तापमान उस स्तर तक जा पहुंचा है कि ग्लोबल वार्मिंग के रूप में कुदरत के कहर से मानव कराह रहा है। दरअसल, पर्यावरण के मानकों को ताक पर रखकर मुनाफा कमाने के लालच ने लाखों निर्दोष लोगों को प्रदूषण के जरिये मौत के मुंह में धकेल दिया है। ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ कारखानों-फैक्ट्रियों से ही प्रदूषण पैदा हुआ है, वाहनों की बढ़ती होड़ भी इसमें बड़ा कारक बना है। संपन्नता के चलते एक घर में तीन-चार कार रखने वालों की भी इसमें भूमिका है। वाहनों का प्रदूषण भी मानव जीवन के लिये एक चुनौती बन गया है। सरकारें हैं कि सार्वजनिक परिवहन की गुणवत्ता सुधारने के लिये गंभीर प्रयास करती नजर नहीं आ रही हैं। प्रदूषण का संकट मानवता के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रहा है और देश व सरकारें गैरजरूरी मुद्दों में उलझी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध समेत दुनिया के अन्य युद्धों से पैदा होने वाला जहरीले बारूद भी संकट को और बढ़ा रहा है। सरकारों को स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को तरजीह देकर जहरीला धुआं उगलने वाले थर्मल पॉवर प्लांटों के विकल्पों के बारे में सोचना होगा। इससे पहले कि यह संकट और गहरा हो, सरकार व नागरिकों के स्तर पर इसे रोकने की सार्थक पहल हो। पर्यावरण संरक्षण पर प्रत्येक वर्ष होने वाले धनी देशों के सम्मेलन के आयोजन के बजाय गरीब मुल्कों की मदद के विकल्प पर ध्यान देना होगा। गरीब मुल्कों की समस्या यह है कि प्रदूषण से पहले उनकी प्राथमिकता अपने लोगों के पेट भरने की है। फिर भी सभी देशों को पर्यावरण के अनुकूल रोजगार के स्रोत तलाशने होंगे।

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की समस्या





**- ऋतुपर्ण दवे**

> एक निर्जीव साधन जिन्दा और समझदार लोगों की आपसी टकराहट में आग में घी और पेट्रोल का काम करता है। करीब सवा दो बरस पहले दुनिया ने खास उदाहरण देखा जिसमें दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमेरिकी संसद परिसर में हुई हिंसा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर्सनल अकाउंट को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया।

**जितनी** रफ्तार से हम विज्ञान के साथ रचते-बसते और जीने की नई-नई तरकीबें सीखते जा रहे हैं, ठीक वैसे ही तमाम चुनौतियां मुंह बाएं आ खड़ी हैं। वास्तव में यह दौर इंटरनेट मीडिया का है जिससे हर हाथ को दुनिया तक अपने संदेशों को पहुंचाने की बहुत बड़ी ताकत मिली। अक्सर यही स्वतंत्रता के उपयोग और दुरुपयोग से झूठे संदेश या फेक न्यूज समाज, देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। इस पर लगाम या कहें झूठे प्रसार को लेकर भारत सहित दुनिया भर में तमाम जतन किए जा रहे हैं, लेकिन सच यही है कि यह बड़ी चुनौती है। तमाम तरह के कानूनों के बावजूद अक्सर लोग उनके मोबाइल में आए या बनाए मैसेज को बिना सोचे, समझे और बुद्धि, विवेक से काम लिए सीधे आगे बढ़ा देते हैं या फॉरवर्ड कर देते हैं। बस इसी खेल के चलते बेहद कामयाब इंटरनेट तकनीक बड़ी चुनौती बन गई है।

जब इंटरनेट नहीं था तब लोग अखबारों पर ही खबरों के लिए निर्भर थे और विश्वनीयता इतनी कि कभी भी इतने और अब जैसे रोजाना सवालिया निशान नहीं लगे। रियल टाइम खबरों के इस दौर में सच कम, झूठ ज्यादा है। स्थिति कितनी भयावह और अलग है कि लोग पहले अखबारों को खोजकर कतरनों की फोटो कॉपी करा प्रसारित करते थे। आज ठीक उलट है जहां झूठी खबरें पलक झपकते ही लाखों लोगों द्वारा बिना सत्यता जांचे शेयर या ट्वीट-रिट्वीट हो जाती हैं। इसी आड़ में अक्सर लोग अपनी निजी दुश्मनी तक भंजा लेते हैं और दुनिया झूठ के फरेब को काफी देर बाद समझ पाती है। लेकिन तक नफा-नुकसान का बड़ा खेल अपना गुल खिला चुका होता है।

सोशल कहें या इंटरनेट मीडिया जो भी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जरिया मान लेना भी कुतर्क है क्योंकि इसका जितना बड़ा दायरा है उतने ही बंधन। ऐसी स्वतंत्रता व अनाप-शनाप कुछ भी लिख, पढ़ और बोलने की आजादी किसी को नहीं है जो किसी दूसरे के मान-सम्मान या निजता को चोट पहुंचाती हो। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म कर देने के उदाहरण से समझा जा सकता है।

अक्सर गैर भरोसेमंद स्रोतों और आधी-अधूरी जानकारियों के चलते ही फेक न्यूज या झूठी खबर इतनी तेजी से फैलती यानी वायरल होती हैं कि अक्सर समझदार लोग भी गच्चा खा जाते हैं। कई मौकों पर देखने में आता है कि ऐसी खबरों से शहर से लेकर गांव और घर-घर लोग बेचैन हो जाते हैं। उत्तेजना फैल जाती है और लोग और समूह बेसिर-पैर की बातों के चलते गुस्से में आकर बड़ी-बड़ी घटनाएं तक कर बैठते हैं। ऐसे तमाम और दर्जनों क्या लाखों उदाहरण मिलेंगे जहां दुनिया भर में के कई प्रान्त और देश तक झूठी खबरों की झुलसन में बदहाल और बेहाल होते देखे गए।

वाकई में सोशल मीडिया एक ऐसा बिना बारूद का बम गोला बन चुका है जिससे शहर के शहर आग के शोलों से जल उठते हैं।

सरकारों और जिम्मेदारों के लिए सूचना का यह सोशल तंत्र नॉन सोशल होकर वो रूप दिखाता है कि एक निर्जीव साधन जिन्दा और समझदार लोगों की आपसी टकराहट में आग में घी और पेट्रोल का काम करता है। करीब सवा दो बरस पहले दुनिया ने खास उदाहरण देखा जिसमें दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमेरिकी संसद परिसर में हुई हिंसा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर्सनल अकाउंट को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया क्योंकि आशंका थी कि आगे भी उनके हैंडल से हिंसा के और भड़काने की जोखिम का खतरा था। उनके फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट्स को भी अनिश्चितकाल तक के लिए सस्पेंड कर दिया। हालांकि पारदर्शिता की दुहाई देकर लगी रोक के बावजूद दुनिया में कहीं कोई फर्क दिखा नहीं।

अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में कमाई के नाम पर ब्लू टिक बेचकर झूठी शान-ओ-शौकत के दिखावे से आगे कितना कुछ घटेगा इसका अंदाजा मुश्किल है। अक्सर नीले और नारंगी सही लकीर वाले अकाउंट पाने की कशमकश रुपयों की गर्मी से खत्म होती है। अब केंद्र सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम, 2023 जो 2021 के संशोधन नियमों के साथ 6 अप्रैल, 2023 को जारी होते ही लागू हो गया है, इस पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हैं। जहां कई इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुछ कुठाराघात तो कई सोशल मीडिया में फेक न्यूज की पहचान करने के सरकार के अधिकार को सही मानते हैं।

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का भी मानना है कि ये प्रेस की आजादी पर हमला है। अब इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक संस्था तय करेगी कौन सी सोशल मीडिया पोस्ट या खबर भ्रामक है। इसके दायरे में गूगल, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब से लेकर हर तरह की समाचार और गैरसमाचार कंपनियां आएंगी।

सच तो ये है कि यह विशेषाधिकार कानून मध्यस्थ को उसके यूजर के किसी भी आपत्तिजनक सामग्री ऑनलाइन पोस्ट करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई होने से बचाता है, लेकिन फर्जी या गलत जानकारी को न हटाने की स्थिति में प्लेटफॉर्म्स भी जद में होंगे तथा कन्टेंट को परोसने वाला यूजर तो दोषी होगा ही।

यकीनन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सेवा देने वाले से ज्यादा सेवा लेने वाले की सोच प्रभावित करती है। सेवा लेना वाला इस दिशा में समाज में सकारात्मक जिम्मेदारियां निभा सकता है। अगर ऐसा न हुआ तो मुकदमों से लदी भारतीय न्याय प्रणाली पर एक बोझ से ज्यादा कुछ नहीं साबित होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## खास बात

# शिवराज के काज

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**पूर्ण** सफलता के लिए अंतिम कार्य श्री रामचन्द्र पथ-गमन वाले अंचलों के विकास के लिये श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास के गठन की स्वीकृति देकर मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने इसे पूर्णता प्रदान कर देने का कार्य कर दिया है।

'राम हमारे रोम-रोम में रमे हैं। वनवास के समय प्रभु श्री राम जिन मार्गों से होकर गुजरे, वहां हम राम वन गमन पथ बना रहे हैं। आज कैबिनेट ने 'श्री रामचंद्र पथ-गमन न्यास' के गठन का निर्णय लिया है, जो वहां होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की देखरेख करेगा। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।''

शिवराज मंत्रिमण्डल ने श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास के गठन की स्वीकृति दे दी। लेकिन तथ्यों को देखें तो यह कोई कांग्रेस की प्रतिक्रिया नहीं है, जिसमें कांग्रेस की ओर से 04 मई 2023 को लिखा गया था - कमलनाथ सरकार- राम वन गमन पथ को मंजूरी, 22 करोड़ का बजट आवंटित, परियोजना पर कार्य प्रारंभ, राम भक्तों का सम्मान। दूसरी ओर शिवराज सरकार- राम वन गमन पथ पर रोक, बजट का अता पता नहीं, परियोजना पर बीजेपी भारी, प्रभु राम का अपमान। यदि श्रीराम पथ गमन के इतिहास में जाएं तो प्रदेश में वर्ष 2003 में भाजपा की उमा सरकार आते ही इस पर काम शुरू हो गया था। उसके बाद बाबूलाल गौर फिर शिवराज ने इस पर गहन काम किया। मध्य प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने 28 फरवरी 2022 को ही मीडिया बुलाकर इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि श्री रामचन्द्र गमन पथ'' को लेकर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किस तरह से काम कर रही है, उन्होंने तभी कह दिया था कि यह जल्द बनकर तैयार होगा।

तत्कालीन समय में एक वर्ष पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने पत्रकारों के बीच यह दावा भी किया था कि जल्द ही राम वन गमन पथ न्यास बनाकर, राम वन गमन पथ योजना को पूरा किया जाएगा। 'राम वन गमन पथ हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है। आचार्य शंकर न्यास ओंकारेश्वर में बनाया है।

# पंचवटी में राम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**खर** दूषण के साथ उसकी बहन सूर्पनखा गुप्तचरी करती है और हर आने-जाने वाले को टोह लगाती रहती है। मुनि अगस्त्य ने कहा कि आपलोग वहां जाकर अवश्य अपना शिविर बनाएं। ज्योंही वह जानेगी कि कोई अजनबी आए हैं वह तुरंत आ जाएगी और जब वह पास में आ जाए तो देर मत करिए उसका नाक-कान काट दीजिएगा। परिणाम यह होगा कि वह दौड़ कर जाएगी और अपने भाई खर-दूषण को सूचित करेगी। खर-दूषण उसके बाद पूरी क्रोध में सेना लेकर आपलोगों को मारने दौड़ेगा। मैं आपको बता देता हूं कि आप गंधर्व विद्या के जानकार हैं तो आप उस गंधर्व विद्या का प्रयोग करेंगे और उसके द्वारा उसकी दस हजार सेना मारी जाएगी। बच जाएगा खर और दूषण जिसका वध आप वाणों से कर सकते हैं। श्रीराम अगस्त्य मुनि की बात सुन कर पंचवटी की ओर प्रस्थान किये। एक दिन उन्होंने सोचा कि जो कुछ मुनि ने कहा है उससे ये बताया है कि शूर्पणखा जाकर लंका में रावण को बताएगी और वह रावण सीता को हरण करेगा। अतः यह बात हमें सीता को बता देना चाहिए। एक दिन लक्ष्मण जी कंद मूल और फल लेने के लिये जंगल में गये थे तब राम जी ने सीता को बुलाया और सारी कहानी कह दी। वे बोले सीता रावण बध के लिये तुम्हारा अपहरण होगा और तुम्हें लंका जाना पड़ेगा। सीता नेकहा प्रभु यह हाड़ मांस का देह किसी न किसी दिन मिट्टी में मिलेगा। अगर आपके किसी काम आ जाए तो मेरा जीवन धन्य है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**बड़ा** खूबसूरत रिश्ता है
हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
**–अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

अंग्रेज लंबे समय भारत के शासक रहे।विमनस्यता होना स्वाभाविक था। पर दोनो देशों ने पिछली बातों को भूल सहयोग, सम्मान की नीति बनाई।आज मुम्बई डिब्बा वाले भी समारोह में आमंत्रण पाकर सम्मानित हो रहे। यही संबंध की मधुरता है। **– महेश पोद्दार पूर्व सांसद**





**सत्संग** की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे
**– स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूववेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **– निशीकांत, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए।
**–हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# परदा है परदा, परदे के पीछे... !

## व्यंग्य

**प्रदीप्त औदिच्य**

**परदा** एक कपड़े का टुकड़ा भर नहीं होता । परदा किसी घर की इज्जत होता है। खिड़की और दरवाजे पर लटकी वह कपड़े की दीवार घर की इज्जत बचाती और बढ़ाती है। उसका काम क्या है आप उस बात पर मत जाइए ,आप तो बस उसका दाम देखिए। किसी एक घर में एक करोड़ रुपये के परदे लग हुए है ,तो हम जलनखोर उस पर हाय हाय कर रहे है । हम लोग ऐसे ही हैं, कोई चीज हमारे जेब की क्षमता से बाहर हुई और हम महंगे होने का टैग चस्पा कर देते हैं। और उसके अपने पास न होने के फायदे बताते हैं। जैसे बाजार में टमाटर महंगे होते ही उसे पथरी का कारण बताने का तर्क देते है। दिल्ली के एक घर में महंगे ₹परदे जी₹ लगाए गए ,भाई साहब, अगर वह कीमती हैं,तो परदे को जी लगाकर इज्जत तो देना ही पड़ेगी। मीडिया में हल्ला है कि बहुत महंगा परदा लगा है, तुम जलनखोर, दिन भर कैमरा कंधे पर धरे ये ही ढूंढते रहो,किसे के घर में क्या लगा है।

सरकार के पैसे थे, घर भी सरकार का, उसमे रहने वाले खुद सरकार। एक आम आदमी थोड़ी सी लग्जरी चीज का उपयोग करने लगे तो, तुम्हे परेशानी क्यों होने लगती है। वह आम आदमी है, वह खुद सरकार है, जब देश तरक्की के रास्ते पर है तो एक आम आदमी भी इस में पीछे क्यों रहे ? आम आदमी की तरक्की हुई है, वह दो कमरे के फ्लैट में रहने वाला आम आदमी , वैगन आर जैसी छोटी कार में चलने वाला आम आदमी, ये महसूस करने का काम कर रहा है कि अगर इस देश का छोटे रिक्शे वाला आदमी जब किसी समय बड़ा आदमी बन जाएगा तब वह एक करोड़ रुपये खर्च करके अपने घर में परदे लगा सके ,उसका आनंद कैसा होगा? हमारी आदत रोने-धोने की हो गई है। कभी हम कॉमनवेल्थ गेम के समय खरीदे गए कुर्सी को घोटाला बताने लगते है, जबकि वह भी देश का मान सम्मान बढ़ाने का ही काम था। हम छाती पीटने वाले ऐसी हरकतें करते हैं। जब विदेशी मेहमान भारत आ रहे थे, उनके लिए प्लास्टिक की कुर्सी नई चीज थी वह कुर्सी 10 हजार में खरीद कर ये कह सके कि आप बड़ी महंगी कुर्सी पर बैठे हो, आप ये न सोचें कि ये कुर्सी बाजार में 400 रुपये की है। हम आपके लिए इसको जानबूझकर इतना महंगा खरीदा है ताकि आप महंगी कुर्सी पर बैठने का आनंद ले सको।

इसी तरह से ये परदे दिल्ली की इज्जत हैं। दिल्ली में ऐसे कई उद्योगपति हैं, जिनके घर में इससे भी महंगे परदे लगे हैं। वह जब दिल्ली के मालिक से मिलने आए और सस्ते परदे देख कर नाक मुंह सिकोड़े, तब दिल्ली वालों की क्या इज्जत रह जायेगी ? आम वोटर क्या सोचेगा ,जिसको हमने वोट दिया है वह एक उद्योगपति से कम कीमत के परदे लगाए हुए है, वोटर की इज्जत गिर कर पाकिस्तानी रुपया रह जायेगी। हमने उस आम रिक्शा वाले, उस ठेले वाले की इज्जत के बारे में सोचा है, उसकी इज्जत बढ़े वह ये सोचे कि मेरी गरीबी रेखा को अमीरी रेखा में बदलने की कोशिश कर रहे उस आदमी के घर में सस्ते परदे लगे हैं। आम आदमी का जीवन ऐसी करोड़ों रुपये से भी बड़ा है,ऐसा विचार आने के लिए उस घर में कम से कम एक करोड़ रुपये के परदे जरूर लगाए जाने चाहिए।

आम आदमी के उस घर की छत गिर रही थी, गिरती हुई छत को थामने के लिए इससे सस्ता कुछ नहीं हो सकता था। सरकार के पास बड़े इंजीनियर हैं वह भी खुद इंजीनियर रहे हैं, वह जानते हैं कि छत को गिरा कर नई छत बनाने, दीवार पर पलस्तर करके ये काम नही हो सकता, वाकई में सरकार का पैसा बचाना है तो छत को नई बनाने से बेहतर है महंगे परदे लगा दो इससे छत से रिसता हुआ पानी रुक जायेगा।

# लोकमंगल के पहले पत्रकार माने जाते हैं नारद मुनि

## विचार

**योगेश कुमार गोयल**

**ब्रह्माण्ड** के प्रथम दिव्य पत्रकार नारद मुनि की जयंती हर साल मनाते हैं। वो लोकमंगल के पहले संवाददाता है। इसलिए वो देवर्षि हैं। यह कितना कष्टदायी है कि तात्कालीन हास्य के अग्रदूतों ने उनको चुगलबाज और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया। इस पर विचार करने की जरूरत है। संवाद के माध्यम से नारद जी ने तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य किया है। इसलिए वो पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरुष हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है।

मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात देवर्षि नारद की पूजा की जाती है।

जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी।

एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढ़े में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है? देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढ़े में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है।

सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं। उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है। वे एक ऐसे पौराणिक चरित्र हैं, जो तत्वज्ञान में परिपूर्ण हैं। पच्चीस हजार श्लोकों वाला प्रसिद्ध ‌‌ह्यनारद पुराणह्ण देवर्षि द्वारा ही रचा गया है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की भक्ति महिमा के साथ-साथ मोक्ष, धर्म, संगीत, ब्रह्मज्ञान, प्रायश्चित इत्यादि कई विषयों की मीमांसा प्रस्तुत की है।

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भुरकुंडा में गैस सिलेंडर लदा वाहन दर्घटनाग्रस्त, दो बच्चियां घायल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीटीपीएस खैरा मांझी रोड के समीप शुक्रवार को गैस सिलेंडर लदे वाहन पलट गई। दुर्घटना में स्कूल से आ रही दो बच्चियां घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पतरातू प्रखंड के बावन धारा खटाल निवासी राजू यादव की 5 व 6 वर्षीय पुत्री सुषमा कुमारी व सोनाली कुमारी फोनिक्स पब्लिक स्कूल से वापस अपने घर जा रही थी। इसी दौरान सौंदा स्थित किरण गैस एजेंसी का इंडेन गैस लदा वाहन (छोटा हाथी) पतरातू स्थित खैरा मांझी के पास पलट गया। दुर्घटना में सुषमा कुमारी व सोनाली कुमारी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चियों को इलाज के लिए मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल चल रहा है।

## मंदिर के जीर्णोद्धार पर हुई चर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपडिया बाबा धर्मशाला परिसर में गुरूवार की शाम स्थानीय लोगो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता युगल किशोर पांडेय और संचालन सतीश मोहन मिश्रा ने किया। बैठक में खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार पर चर्चा की गई। साथ ही धर्मशाला को बढिया ढंग से बनाने और सुचारू रूप चलाने पर भी चर्चा हुई। बैठक मे मौजूद कई लोगो ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि प्राचीन हनुमान मंदिर भुरकुंडा बाजार का गौरव है। इस मंदिर से भक्तो की अटटू आस्था जुड़ी हुई है। अधिकांश लोगो ने मंदिर के जीर्णोद्धार पर समर्थन जताया। इन्ही सब मुद्दो पर आगे की रुपरेखा बनाने और सामूहिक निर्णय लेने के लिए 16 मई धर्मशाला परिसर मे बैठक करने की निर्णय लिया गया।

## डीएवी भरेचनगर ने लहराया परचम




**कुजू।** अग्रसेन डीएवी भरेचनगर का सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र मयंक तिवारी ने सर्वाधिक 96.4 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा। जबकि सोनल कुमारी तथा शिवम गुप्ता ने 95.4 प्रतिशत, अदिति श्रेया, कृशिव होरा ने 94.8 फीसदी, आर्यन कुमार ने 94.6 फीसदी, अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य निशिकांत कर ने सफलता का श्रेय शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों को दिया है।

## आर्मी स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रौशन किया है। विद्यालय के 52 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। जिनमें 9 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ है। विज्ञान संकाय में सौरभ तिवारी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। 92 प्रतिशत के साथ वेदांत अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, कृष कुमार दांगी 88. 8 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में आकांक्षा सांडिल 94 प्रतिशत अंक के साथ प्राथम, नवनिध 93.2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और मनसा 92. 6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कला संकाय में 71.6 प्रतिशत अंक के साथ दीपक प्रथम, आस्था 71 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और निशिता 69.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती एवं प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## 10वीं में एंगलाइज का रिजल्ट बेहतर




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई द्वारा शुक्रवार को 10वीं माध्यमिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए'ला एंगलाइज सीनियर सकेंडरी के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में स्कूल का छात्र वैभव कुमार ने सर्वाधिक 466 अंक लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें एक विद्यार्थी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जबकि 80 से 90 प्रतिशत अंक पाने वालों में 5 विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं 60 से 80 प्रतिशत अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 19 है। परीक्षा में वैभव कुमार 932 प्रतिशत, सागर प्रसाद केसरी 894 प्रतिशत, अंकित कुमार 876 प्रतिशत, रवि राज कुमार 874 प्रतिशत एवं श्रेया कुमारी ने 824 प्रतिशत अंक प्राप्त टॉप फाइव की सूची में शामिल हुए हैं। बच्चों की उत्ष्ट प्रदर्शन पर स्कूल के सचिव ड गजाधर महतो प्रभाकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं, बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने विजयंत कुमार ने कहा कि इस प्रकार का परीक्षा परिणाम शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का नतीजा है।

# सीबीएसइ : रामगढ़ में छात्रों का दबदबा

## 12वीं और 10वीं के रिजल्ट में लड़कों ने मारी बाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** सीबीएसई के 12वीं और 10वीं के रिजल्ट में इस बार लड़कों का दबदबा रहा। 12वीं के रिजल्ट में बरकाकाना डीएवी के छात्र सचिन कांत झा 98.2 प्रतिशत अंक लाकर स्थान पर रहे। उन्होंने मानविकी संकाय में यह अंक लाया है। विज्ञान संकाय में प्रियांशु प्रियदर्शी 97 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय में आर्यन जायसवाल एवं दीक्षिता जैन ने 96 प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया है। मानविकी संकाय के सचिनकांत झा को इतिहास और पीएचई में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। विज्ञान संकाय के प्रियांशु प्रियदर्शी को गणित में शत-प्रतिशत और वाणिज्य संकाय के आर्यन जायसवाल को एकाउंटेंसी में शत-प्रतिशत अंक मिले है। डीएवी बरकाकाना के 114 छात्र-छात्राओं ने 12 वीं की परीक्षा में हिस्सा लिया था और वे सभी सफल रहे है। 10वीं के रिजल्ट में भी इसी विद्यालय के सिद्धार्थ अग्रवाल 97.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बने। मयंक ओझा ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि नमन कुमार झा और अनीश कुमार ने 96 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### गुरूनानक पब्लिक स्कूल शानदार प्रदर्शन




श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में सजल कुमार निराला ने 95 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में सोनाक्षी कुमारी ने 94 प्रतिशत, कला संकाय में आयुषी कुमारी ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस विद्यालय से कुल 172 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनमें 70 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया है।

दसवीं की परीक्षा में आदर्श पाठक ने 93.6 प्रतिशत, सोनल कुमारी और विवेक कुमार ने 93.2 प्रतिशत, तनीषा और अक्षय आडी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस परीक्षा में 173 विद्यार्थि शामिल हुए थे। जिनमें 51 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय अध्यक्ष हरपाल सिंह आरोडा, उपाध्यक्ष परमीन्दर सिंह जस्सल, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

### स्कॉलर्स हाई विद्यालय ने लहराया परचम



रामगढ़। रांची रोड मरार स्थित स्कॉलर्स हाई विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सीबीएससी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में बेहतरीन सफ लता अर्जित कर विद्यालय और परिजनों का नाम रौशन करन का कार्य किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के साथ साथ स्वयं को भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है । हमने प्रारंभ से हैं ही दसवीं के विद्यार्थियों की परीक्षा की तैयारी हेतु शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन देकर उनके हर समस्या के समाधान के लिए प्रेरित किया। ताकि विद्यार्थियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ बोर्ड के परिणाम में देखने को मिले । भविष्य में भी यह विद्यार्थी सफलता के उच्चतम सिर्फ तक पहुंचेंगे विद्यालय की तरफ से यह शुभकामना भी उन्हें दी जा रही है । उक्त बातें शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड के परिणाम के उपरांत शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते हुए विद्यालय की निदेशिका गीतांजलि जाजू ने कहीं । दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों में जयश्री रॉय 95.8 प्रतिशत, भाविका जाजू 93 प्रतिशत और भार्गवी झा 90.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही । वही अभिनव गुप्ता 88.4 प्रतिशत, ओमसागार 80.6 प्रतिशत ,प्रियांशु मोसेस 78.8 प्रतिशत और अनुज कुमार 78.4 ने प्रतिशत प्राप्त किया । विद्यालय के चेयरमैन गोपाल जाजू ने विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए और उनके अथक परिश्रम , श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त करने के लिए भी उन्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी ।

### श्रीकृष्ण विद्या मंदिर का रहा बेहतर प्रदर्शन




श्रीकृष्णा विद्या मंदिर स्कूल का प्रदर्शन भी इस रिजल्ट में अच्छा रहा है। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में सूरज कुमार ने 93 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में शिवांगी सिंह ने 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रहे। विज्ञान संकाय में 81 और वाणिज्य संकाय में 41 बच्चों ने परीक्षा दी थी और वे सभी सफल रहे। दसवीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर आकांक्षा पाठक स्कूल टॉपर बनी। दसवीं की परीक्षा में 107 बच्चों ने हिस्सा लिया था और वे सभी सफल रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव बिमल किशोर जाजू, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

## अंकुर झा बना श्री अग्रसेन स्कूल में 10वीं का टॉपर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने उत्ष्ट प्रदर्शन किया है। अंकुर झा 954 प्रतिशत अंक के साथ 10वीं का टपर बना है। अंकुर को 954 प्रतिशत अंक मिला है। वहीं सौरव कुमार, तसनीम फातमीन, आंचल गुप्ता, अनुभव सोनी टप फाइव में शामिल हैं। इसी तरह खुशी कुमारी 946 प्रतिशत अंक के साथ साइंस और महक अग्रवाल 868 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की टपर बनी। साइंस में सानिया अग्रवाल, अर्पिता कुमारी, रौनक कुमार, आयुष प्रतीक, गुड्डू अंसारी, कमर्स में अक्षिता कुमारी, आर्या निधि, शिवम कुमार सिंह, रिया कुमारी ने टप फाइव में स्थान बनाया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है। स्कूल के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि बच्चों ने अपने प्रदर्शन से स्कूल और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बच्चे भविष्य में भी कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते रहें, यही विद्यालय परिवार की शुभकामना है।

## डीएवी रजरप्पा का शानदार प्रदर्शन



**रजरप्पा।** डीएवी रजरप्पा का पास परिणाम 12वीं कक्षा की तरह शत प्रतिशत रहा। डीएवी रजरप्पा के कुल 213 परीक्षार्थी सीबीएसई बोर्ड की दसवीं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। सत्र 2022 -23 में 90% से अधिक लाने वालों कुल छात्रों की संख्या 15 है जिसमें राबिया असरारी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है. इसके यूसरा मोनाल 94.8 प्रतिशत, हनी प्रिया साहू 94.2 प्रतिशत, ऋषि प्रसाद 93.4%, ऋषिका पोद्दार 93.2%, श्रद्धा श्रेया 93%, शुभम कुमार 92.8%, कोमल कुमारी 92.6%, दिव्या ओझा 92.4%, गोविंद कुमार 92.2%, रिशा कुमारी 92%, सफाई नाजिर 91.8%, आलोक कुमार केशरी 91.4%, कुमारी प्राची वर्मा 91.4%, अंजलि सिंह 91.4%, विकास कुमार सिंह 90.6%, आर्यन कुमार 90.2%। शत-प्रतिशत परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्राचार्य बीपी राय ने कहा कि यह सब शिक्षकों एवं बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की।

## केबी महिला कॉलेज के अधिकारियों की लापरवाही से छात्रा का एक साल बर्बाद



11वीं की परीक्षा देने से वंचित रह गई लराईबा इमरान

**दारू।** केबी महिला महाविद्यालय की कॉलेज की छात्रा के साथ रजिस्ट्रेशन में की गई लापरवाही से 11वी की परीक्षा देने से वंचित रह गई और एक वर्ष बर्बाद हो गया। भुक्तभोगी छात्रा बड़का इरगा दारू निवासी लराईबा इमरान पिता मोहम्मद इमरान है। पिता के साथ पत्रकार को व्यथा सुनाते वह रो पड़ी । छात्रा ने बताया कि वर्ष 2022 में केबी महिला कॉलेज में इंटर वाणिज्य में नामांकन कराया था । नामांकन में अन्य प्रमाण पत्रों के साथ माइग्रेशन पत्र की मूल कॉपी जमा की थी । रजिस्ट्रेशन फार्म में समय पर जमा कर दिए थे जिसकी पावती रसीद उसके पास है। इंटर के पहले वर्ष की परीक्षा 17 से 19 अप्रैल तक निर्धारित थी, जिसके लिए वह 13 को एडमिट कार्ड लेने काउंटर पहुंची पहले दो दिन उसे धूप में लाइन में खड़ा कर दिया गया। उसके बाद उसे बताया गया कि गलती से रजिस्ट्रेशन फार्म कौंसिल गया, इसलिए एडमिट कार्ड नही बन पाया। उपायुक्त कार्यालय और शिक्षा विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाकर वह थक गई सबसे गुहार लगाई पर किसी ने उसकी नही सुनी और वह परीक्षा देने से वंचित रह गई।

## सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ मनाया विश्व नर्स दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ बरका-सयाल क्षेत्र ने सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय भुरकुंडा में शुक्रवार को विश्व नर्स दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल में पदास्थापित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ललन प्रसाद ने किया।क्षेत्रीय सचिव शंभू प्रसाद सिंह ने नर्सों को हमेशा मान-सम्मान देने की बात कही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**सीबीएसइ 12 वीं : साइंस में मिशा 92% एवं वाणिज्य में आयुष कुमार वर्मा 93.4% लाकर बने स्कूल टॉपर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली , हजारीबाग के कक्षा द्वादश विज्ञान एवं वाणिज्य के भैया - बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । इस परीक्षा के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में कुल 91 भैया- बहन सम्मिलित हुए' गौरतलब है कि बहन मिशा कुमारी 92 % अंक लाकर विज्ञान संकाय में पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान एवं भैया आयुष कुमार वर्मा 93.4 प्रतिशत अंक लाकर वाणिज्य संकाय में पूरे विद्यालय के स्कूल टॉपर बने ।विद्यालय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहन निम्नांकित है।भैया- बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ,उपाध्यक्ष , प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा ,सचिव संजय उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बंधु- भगिनी ने भैया -बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि विद्यालय के आचार्यों के दिशा निर्देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भैया-बहनों को दी ।

विज्ञान में 1. मिशा कुमारी 92%, 2. भूमिका कुमारी 89.9%, 3 स्नेहा कुमारी 84.8 %, 4 . जिज्ञासा सिन्हा 81.8%, 5. शशि कमल प्रसाद 81.7% और सौजन्या ओझा 81.7%।

वाणिज्य में 1 आयुष कुमार वर्मा 93.4 %, 2 सुरभि कुमारी 89 %, 3 श्वेता कुमारी 81%, 4 सौरभ कुमार 76%, 5 विशाल कुमार 72.2%।

## ओएसिस स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी




**हजारीबाग।** ओएसिस स्कूल के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने सत्र 2021-2023 सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की। इस परीक्षा में विद्यालय के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम काफी शानदार रहा। कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय में 94.4% अंकों के साथ करीना कशीश ने प्रथम स्थान, 93.4% अंकों के साथ श्रेया कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा 91.6% अंकों के साथ सालेहा जफर ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला संकाय में इफ्फत खानम ने 93.4% अंकों के साथ प्रथम, शोएब खान ने 92.8% अंकों के साथ द्वितीय एवं सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने 84%अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में 70%,69% एवं 63%अंको के साथ अराइश फातमा,फैजान आलम एवं नुरुश सबा अहमद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान विद्यालय में प्राप्त किया। विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक, 28 विद्यार्थियों ने 80% से 90% के बीच तथा 24 विद्यार्थियों ने 75% से 80% के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर एहसान उल हक ने विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों में अद्भुत प्रदर्शन एवं शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी।

**दसवीं में शानदार सफलता :** ओएसिस स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की। इस परीक्षा में विद्यालय के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम काफी शानदार रहा। दसवीं में 92.5% अंकों के साथ सैयद जिशान नुमानी ने प्रथम स्थान, 91.2% अंकों के साथ नावेद नुमानि ने द्वितीय स्थान तथा 91% अंकों के साथ कशीबा एजाज ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक, 36 विद्यार्थियों ने 80% से 90% के बीच तथा 20 विद्यार्थियों ने 75% से 80% के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

एक नजर में

## चरही में मजदूर संघ ने मनाया नर्स दिवस



**चरही।** शुक्रवार को सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के चरही डिस्पेंसरी में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले विश्व नर्स दिवस मनाया गया ।भारतीय मजदूर संघ के लोगों ने डिस्पेंसरी कर्मियों और नर्सों को पुष्प गुच्छा और अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया ।भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव रणविजय सिंह ने कहा कि डिस्पेंसरी में कार्यरत नर्सों और कर्मियों के कार्य सराहनीय है। दुख की घड़ी में हमेशा तत्परता के साथ कार्यों में जुट जाती है। आगे कहा कि इनका कार्य सराहनीय ही नहीं स्वागत योग भी है ।इन्हें सामान की दृष्टि से देखने की जरूरत है ।मौके पर रणविजय सिंह,सुनील सिंह,अशोक कुमार,माया मेहता,सुजीत झा,पंकज कुमार सिंह,पुष्पा मिंज,पप्पू दुबे,सरफराज अहमद,आदित्य कुमार,मंजू कुमारी,सत्येन्द्र नारायण सिंह,सुशीला मिश्रा,रंजित बिमल,अमिता टूटी,आशा देवी सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हजारीबाग।** भूतपूर्व सैनिकों का स्वच्छता अभियान सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर आरके गुप्ता के संरक्षण में शुक्रवार सुबह 9:00 से 11:00 तक त्रिमूर्ति चौक के पास चला। कचरा प्लास्टिक के टुकड़े पान पराग के टुकड़े प्लास्टिक के ग्लास ग्लास प्लेट भारी मात्रा में पड़ा हुआ था जिसकी साफ सफाई की गई। त्रिमूर्ति के आसपास के इलाकों को भी प्लास्टिक के टुकड़े को उठाकर झाड़ू लगाकर उस इलाका को स्वच्छ बनाया गया। विंग कमांडर आरके गुप्ता द्वारा संदेश दिया गया की फौज जब तक सर्विस में रहती है देश की सीमा को सुरक्षित रखती है और सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज सेवा का भाव रहता है जिसे आज त्रिमूर्ति परिसर की सफाई किया। उन्होंने सफाई कर के सभी को यानी आसपास के रहने वालों को संदेश दिया कि हमें अपने रहने वाले स्थान और आसपास के इलाकों को स्वस्थ रखना चाहिए जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी इसके साथ आज का स्वच्छता अभियान का समापन हुआ।


## ग्रामीणों को जल्द ही मिलेगा पानीः मुखिया

**चरही।** पानी की समस्या को दूर करने को लेकर बहेरा मुखिया देवकी महतो के नेतृत्व में बैठक किया गया ।मुखिया श्री महतो ने कहा कि बहेरा,चरही और चनारो पंचायत में हर घर नल जल योजना को पूर्ण करने और सभी घर को समय-समय पर पानी की आपूर्ति हो ।जो भी कमी है उसे तत्काल दूर किया जाये ।चरही,बहेरा,चनारो पंचायत के पेयजल एवम स्वच्छता में कार्य कर रहे कर्मियों से बैठक में समस्या के बारे में जानकारी लिया ।कर्मियों ने कहा कि काम करने वालों की कमी है ।इसकी और भी जरूरत है ।आगे कहा कि सब कुछ ठीक है ।लेकिन पानी का फिल्टर जाम होने के कारण सही से नहीं कर पा रहा है ।कई जगहों पर पाइप खराब है ।तथा इसके लिए कुशल मिस्त्री की जरूरत है ।ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों में अभी तक पाइप नहीं बिछाया गया,और ना ही नल लगाया गया है ।श्री महतो ने कहा कि इस समस्या को जल्द ही दूर किया जाएगा ।दो-तीन दिनों में सब कुछ ठीक कर लिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बहेरा मुखिया सह अध्यक्ष पेयजल स्वच्छता समिति देवकी महतो,हेंदेगडा उप मुखिया दशरथ महतो, चौलेशवर महतो,प्रदीप लकड़ा, दीपक कुमार,सुनिल मरांडी,बिनोद टुडू,भीष्म कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कपका बाजार का किया गया मापी व सत्यापन

**बरकट्ठा ।** सिविल कोर्ट के आदेश पर प्रखंड के ग्राम कपका के बाजार भूमि खाता नंबर 116 प्लॉट 1976 रकवा तीन एकड़ 28 डिसमिल की मापी और सत्यापन किया गया बाजार भूमि विवादित का मामला घनश्याम महतो एवं सरकार के बीच वर्ष 2003 से न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त भूमि के मापी और सत्यापन के लिए बुधवार को सिविल कोर्ट के आदेश पर किया गया। प्लीडर कमिश्नर सतनारायण सिंह के नेतृत्व में जमीन की मापी हुई। बाजार भूमि और खाली जमीन के स्थिति की जानकारी ली गई।

## मजदूर संघ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस



**हजारीबाग।** भारतीय मजदूर संघ के जिला कमेटी ने हजारीबाग आरोग्यं हॉस्पिटल एवम हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नर्स बहनों को पुष्प गुच्छ देकर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने कहा कि नोबल नर्सिंग सेवा की शुरूआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है वही जिला मंत्री नीरज सिंह ने कहा की आज हमारे नर्स बहनों का दिन है सभी बहनों का भारतीय मजदूर संघ की ओर से ढेरो बधाई एवम शुभकामनाएं । इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के भवन निर्माण के अध्यक्ष सुरेश राम मंत्री ग्लैक्सी गौरव , मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विवेकानंद बना वेस्कोट स्कूल का टॉपर



**घाघरा।** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में वेस्कोट पब्लिक स्कूल घाघरा के छात्र विवेकानंद साहू ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के डायरेक्टर विक्की एंथोनी ने कहा कि हम सब को गर्व का अहसास हो रहा है। हमारे छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विद्यालय परिवार का मान सम्मान बढ़ाया है। यह उनके मेहनत और लगन का परिणाम है।

### होली चाइल्ड के आयुष को 83% अंक



**गुमला।** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में होली चाइल्ड बाल भारती स्कूल गुमला से आयुष राम ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। आयुष की इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाओं व उसके माता-पिता ने बधाई दी है। बताते चलें कि आयुष विद्यालय टॉपर है।

### 95% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी अर्पणा

**गुमला।** नोट्रेडेम स्कूल की अर्पणा सेन गुप्ता ने सीबीएसई 10 वींकी परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन की है। अर्पणा 95 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टॉपर रही है। उसकी इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं व उसके माता-पिता ने बधाई दी है।

### जेएनवी जोगना का शानदार प्रदर्शन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा द्वारा आयोजित सीबीएससी की परीक्षा में साइंस व कॉमर्स विषय का 12 वीं का परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया। जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना का सफलता दर 98.48 प्रतिशत रहा। वही कॉमर्स विषय मे विद्यालय के 32 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया जिसमें से सभी विद्यार्थी पास हुए परिणाम शत प्रतिशत रहा। तथा साइंस में 34 विद्यार्थी में 1 छात्र फेल हुआ। वहीं कॉमर्स में आशीष कुमार 448 अंक, मयंक कुमार 441 अंक,रूपेश भुइंया 432 अंक प्राप्त किये।

### स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया नर्स डे



**सेन्हा-लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में अंतरराष्ट्रीय नर्स डे हमारा नर्स हमारा भविष्य थीम पर अस्पताल के नर्स तथा डॉक्टरों ने केक काटकर नर्स डे मनाया तथा एक दूसरे को बधाई देते हुए निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिये सराहना की गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने बताया। कि 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे मनाया जाता है। आज के समय में सभी नर्स चिकित्सा के क्षेत्र में अपना बेहतर चिकित्सा सेवा दे रही हैं। जो सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य है। मौके पर डॉ रजनी लकड़ा, दिव्या किरण, जेनिट सुरीन, सुनीता कुमारी, प्रमिला एक्का, सुमन कुमारी, जानकी कुमारी, अनिमा मिंज, नौमी खाखा, सुषमा कुमारी आदि मौजूद थीं।

### यूनिवर्सल भंडरा का रिजल्ट रहा 100%

**भंडरा।** यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, भंडरा का मेहनत रंग दिखलाना शुरू कर दिया है। सत्र 2022-23 के मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में 16 बच्चे शामिल हुए थे। जिनमें सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। प्रथम - आदित्य 96.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान- अभिनव कुमार-94.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान- नितिन साहू - 94.2 प्रतिशत रहे। शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से पास होने पर विद्यालय के निदेशक काफी खुश हैं। विद्यालय की बबीता पांडेय, भोग पांडे, लक्ष्य पांडेय, लिदेवी पांडेय, मनोज राम, अशोक शर्मा, रमेश शर्मा, सब्ब प्रवीण, किशोर भगत, प्रकृति किरण ने बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### इंजीनियर बनेगा 91% अंक लाने वाला युवराज

**भंडरा।** भंडरा निवासी पत्रकार राजेश गुप्ता व लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय की शिक्षिका सावित्री साहू के पुत्र युवराज गुप्ता ने सीबीएसई के 12 में 91 प्रतिशत मार्क्स लाकर अपने माता पिता का नाम रोशन किया। युवराज ने 500 में 455 अंक 91 प्रतिशत लाकर प्रखंड के साथ अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। युवराज अपने इस सफलता पर काफी खुश है। युवराज भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग अभियान



**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने शुक्रवार को चट्टी पिकेट, नवडीहा मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर लोहरदगा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना ए एस आई लाल महतो के नेतृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर वाहनों के कागजात व डिक्की खुलवा कर डिक्की की जांच की।

### प्रार्थना सभा ने करायी गरीब जोड़े की शादी

**सेन्हा-लोहरदगा।** तोड़ार पखन टोली धुमकुड़िया भवन में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने प्रार्थना सभा के संरक्षक अरविंद उरांव की अध्यक्षता में वर वधू आशीर्वाद कार्यक्रम किया। जिसमें पखन टोली के ग्रामीणों सहित जन प्रतिनिधि राधा तिर्की ने शादी समरोह में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिये। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि वर वधू का आशीर्वाद समारोह प्रखंड स्तरीय राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा कई वर्षो से करता है। इसमें निर्धनों की शादी करायी जाती है।

### 38 कारीगरों को मिला बांस टूल कीट



**सिसई।** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड ने बांस कारीगरों की पहचान कर उनका पंजीयन, कारीगर पहचान पत्र, आधार उद्यम, ई श्रम कार्ड, श्रमिक निबंधन कराते हुए उन्हें आवश्यकता अनुसार टूल कीट वितरण किया। इस कार्य को दिशा देने को लेकर जिले के 8 प्रखंड में बांस विकास शिल्प केन्द्र का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। साथ ही कारीगरों के लिए बांस शिल्प विकास केंद्र का निर्माण कराया जायेगा ताकि कारीगर बरसात, गर्मी, अन्य मौसम में भी आसानी से कार्य कर सके एवं अपना कार्य, प्रशिक्षण, आय व उत्पादन, विनणन को बढ़ा सकें। साथ ही सामाजिक कार्य कर पायेंगे। बांस कारीगर के उत्थान व स्वरोजगार को बढ़ावा देने को लेकर शुक्रवार को सिसई बीडीओ ने 38 परिवार को आधुनिक समय के टूलकीट का नि:शुल्क वितरण किया।

# सीबीएसइ 12वीं : डीएवी के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- विज्ञान में स्वेता को 96.8%, वाणिज्य में हर्ष राज को 95% व कला संकाय में तनीषा त्रिपाठी 95.2% अंक के साथ स्कूल टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** सीबीएसइ 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके यह दिखाया है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।

उन्होंने इसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। स्कूल से विज्ञान की परीक्षा में कुल 184. विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 163 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की।

जिसमें स्वेता कुमारी ने 96.8%, रजनीश कुमार ने 95.6%, सानिध्य शौर्य ने 95%, आतिफ नवाब ने 94.2%, अपर्णा कुमारी ने 94%, रमन प्रसाद ने 93.8%, निखिल जयसवाल ने 93.6%, आयुष सोनी ने 93.4%, हर्षित राज ने 93.2%, ऐशमान्या निशि ने 92%, हर्ष यादव ने 91.6% ऋषभ राज ने 91.6% अंक, अंजनी जयसवाल ने 91.2%, स्वास्तिक प्रसाद ने 91.2%, प्रभात कुमार ने 91%, अश्मी श्री ने 90.8%, अथर्व जयसवाल ने 90.6%, निशांत राज 90.2%, शाद अहमद 90.2% अविनाश लकड़ा ने 90%, खुशी कुमारी ने 90% अंक प्राप्त किया।

वाणिज्य में कुल 32 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिनमें 21 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें हर्ष राज ने 95%, आशी गुप्ता ने 94%,अमन अग्रवाल ने 92.4% अंक प्राप्त किया। कला संकाय में कुल 36 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। तनीषा त्रिपाठी ने 95.2%, गौरव पांडेय ने 93.8%, दीप्ति मिंज ने 91.8%, वैशाली गुप्ता ने 90.6%,अंक प्राप्त किया है।

## 207 में से 176 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण

- हर्षित अग्रवाल ने 99.2% अंक लाकर विद्यालय टॉपर
- हर्ष झा को 99%, अभिनव कुमार को मिले 96.8% अंक

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा के परिणाम भी घोषित कर दिये गये हैं। इस परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और विद्यालय तथा गुमला जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों के रिजल्ट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने जानकारी दी कि सीबीएसइ 10 वीं की परीक्षा में 207 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें 176 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 23 विद्यार्थियों ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किया। वहीं 47 विद्यार्थियों ने 80-90 % के बीच अंक प्राप्त किया। इस परीक्षा में हर्षित अग्रवाल ने 99.2%, हर्ष झा ने 99%, अभिनव कुमार ने 96.8%, सत्य कुमार शुभम ने 96.6%, स्वीटी कुमारी ने 96.2%, अनमोल कुमार ने 96%, क्षितिज राज ने 96%, मिनिषा काकुल ने 96%, सोहम प्रीत ने 96%, हिमांशु कुमार साहू ने 95.2%, कृष कुमार ने 95%, माही सिन्हा ने 94.8%, कोमल खलखो ने 94.4%,अभिनव कुमार सुमन ने 94%, आराध्या कुमारी ने 93.8%, निखिल कुमार ने 93.4%, शुभ स्वास्तिक ने 92.8%, आर्थिक साबू ने 92.6%, खुशी रानी ने 92.6%, नितिन चिक बड़ाइक 92.2, गौरव साहू ने 91.2%, अंजली कुमारी ने 91%, दिव्य रोहित कुमार ने 90.4%, अंक प्राप्त किये।

### लोहरदगा में रेलयात्रा बेहतर बनाने को सांसद लगातार प्रयासरत

# रांची मेमू ट्रेन में जल्द लगाये जायेंगे चार अतिरिक्त कोच

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा सांसद सांसद सुदर्शन भगत लोहरदगा की जनता के रेलयात्रा को सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। कुछ दिनों से लगातार लोहरदगा से रांची मेमू ट्रेन में यात्रा करनेवालों की संख्या बहुत बढ़ोत्तरी हुए है।

इसे लेकर कोच बढ़ाने की बात रेलवे से की जिसमें रेलवे प्रबंधक ने चार कोच जल्द और जोड़ने की बात कही है। जिससे यात्रा सुलभ और आसान हो पायेगी। साथ ही संसदीय क्षेत्र की जनता को रेल सुविधा ज्यादा से ज्यादा सुलभ हो इसे लेकर रेलमार्ग में निर्माण से बहुत सारे बदलाव हो रहे हैं इसके अंतर्गत लोहरदगा, नगजुआ, टांगरबंसली, पिस्का में पटरियों को बढ़ाया जा रहा है।

#### जनता के लिए यात्रा को सुगम बनाने पर जोर



साथ ही आम जनता के लिए रिजर्वेशन टिकट सरल तरिके से उपलब्ध हो, विद्युत व्यवस्था, जल वयवस्था, सेड का निर्माण, राजधानी एक्सप्रेस लोहरदगा स्टेशन पर रूके इसे लेकर विभाग संबंधित सभी मापदंडों के अनुरूप कार्यतेजी से कर रही जैसे आयरन ब्रीज, नये प्लेटफार्म का निर्माण, शेड, प्रथम श्रेणी प्रतिक्षालय लोहरदगा स्टेशन पर कर रही है। स्टेशन की सफाई, विधुतीकरण व पौधारोपण सजाया गया है। जिससे यात्री को अच्छी, सुरक्षित एवं स्वच्छतायुक्त वातावरण मिल सके। सुदर्शन भगत ने कहा कि जनता के लिए यात्रा को सुगम और उत्तम व्यवस्था सहित किस प्रकार से बहाल हो इसे लेकर लगातार विभाग और रेल मंत्रालय के मंत्री से मिलकर अवगत कराते रहे हैं। लोहरदगा मेमू पैसेंजर ट्रेन लोहरदगा की लाइफ लाइन जैसी है यात्रा भी व्यवस्थित तरीके से हो इसे लेकर और चार कोच बढ़ेगी। साथ ही कहा कुछ दिनों अंदर ही टोरी से चंदवा स्टेशन के बीच हो रही निर्माण कार्य एवं सुविधाओं का अवलोकन दक्षिण पूर्व रेल प्रबंधक और उनकी तकनीकी व अन्य कर्मचारियों के साथ करेंगे। जिससे कि और जितनी भी कमियां है उसकी सुधार व निर्माण कराया जा सके। सांसद ने कहा कि मैं किसानों के फसलों को जिले व राज्य से बाहर ज्यादा मुनाफा मिले उसमें रेलवे का योगदान भी ज्यादा से ज्यादा मिले उसे लेकर लगातार प्रयासरत हैं।

# पूरे जिले में 25 को किसानों के बीच एक साथ बांटे जायेंगे रागी के बीज

- उपायुक्त ने किया रागी मिशन को लेकर समीक्षा बैठक
- 20 से 25 मई के बीच सभी प्रखंडों में पहुंचाये जायेंगे बीज : उपायुक्त
- 18 मई को जिले में मिलेट कैफे का किया जायेगा उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले में मिलेट के उत्पाद एवं उसकी बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। पिछले वर्ष जिले में मिलेट में मिली सफलता को देखते हुए इस वर्ष रागी मिशन को लेकर योजना तैयार की जा रही है एवं इस वर्ष खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर जमीन पर रागी की खेती करने को लेकर योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में रागी मिशन से संबंधित समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जेएसएलपीएस की टीम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं जिला कृषि पदाधिकारी भी थे।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव व अन्य।

**खास बातें :** इस वर्ष जिले के किसानों के बीच लगभग 500 क्विंटल रागी के बीज का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने 20 मई से 25 मई के बीच सभी प्रखंडों में रागी बीज वितरण करने एवं 25 मई को भव्य रूप से एक साथ जिला एवं प्रखंड स्तरों में सभी किसानों के बीच बीज वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं जिले के कुछ लैंप्स में भी बेहतरीन गुणवत्ता वाले रागी की बीज को रखा जाएगा। जहां से किसान चाहे तो अनुदान राशि पर बीज की खरीद कर सकते हैं। 10 मई को रागी से निर्मित कई नए उत्पादों को उपायुक्त द्वारा लॉन्च किया गया था। इससे पूर्व पोषण से भरपूर रागी के आटे एवं रागी से निर्मित लड्डू को जिले वासियों ने काफी पसंद किया। इन सभी उत्पादों को एक बड़े मार्केट पर ले जाने हेतु बैठक में चर्चा की। 18 मई को जिले के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप मिलेट कैफे का उद्घाटन किया जाना है। जिसकी तैयारी को लेकर भी उपायुक्त ने जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पिछले 6 महीनों में आंगनवाड़ी केंद्रों के सैम मैम बच्चों के बीच रागी लड्डू के वितरण से बच्चों में होने वाले बदलाव की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा की।

## शिक्षा के क्षेत्र में सांता पब्लिक स्कूल का सराहनीय योगदान : महेश गुप्ता

>> सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का 12वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का 12वां वार्षिक महोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। मुख्य अतिथि लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा सांता पब्लिक स्कूल का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान सरहानीय है। यहां हर तबके के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं दिल्ली से अयेए डॉक्टर वासुदेव कुमार शर्मा ने कहा कि झारखण्ड के इस छोटे जिले में सांता पब्लिक स्कूल जैसा स्कूल है। जहां री एडमिशन नहीं लिया जाता है। आज स्कूल के 12 वा वार्षिक उत्सव के मौके पर स्कूल के बच्चे ने जो रंगा रंग कार्यक्रम दिखाया वह तारीफ के काबिल है। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि बच्चे मन लगा कर शिक्षा ग्रहण करें। स्कूल के पेट्रोन शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर, डिजिटल माध्यम से शिक्षा दी जाती है जो तारीफ के काबिल है। आज कंप्यूटर का युग है। शिक्षा से ही इंसान का विकास होता है।

## निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को 75% नियोजन हर हाल में हो: नलिन

- झारखंड विधानसभा की विशेष समिति ने अधिकारियों संग की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) के संयोजक नलिन सोरेन की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों व निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक परिसदन में हुई। बैठक में सभी विभागों में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिये मानव बल की नियुक्ति व निजी कंपनियों व एकल किसी भी संस्था द्वारा नियुक्ति किये जाने में कुल सीट का 75% आरक्षण स्थानीय लोगों को देने के लिए बनाये गये झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 पर विशेष रूप से चर्चा हुई और इसे आवश्यक रूप में लागू करने के निर्देश दिये गये। समिति के संयोजक ने कहा कि झारखंड राज्य में बेरोजगार युवक-युवतियों की संख्या बहुत अधिक है। ऐसे में सरकार ने स्थानीय युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75% आरक्षण दिये जाने का निर्णय लिया।

### कैरो में 17 से लगेगा बिजली वसूली शिविर

**कैरो /लोहरदगा।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में बिजली बिल वसूली शिविर 17 मई से लगाया गया है। इसकी जानकारी बिजली ग्रिड के लाइनमैन मजूल अंसारी ने दी। बताया कि 17 मई को गाराडीह में शिविर रखा गया है। जबकि 19 मई को एड़ादोन, 21 मई को नगजुआ, 22 को खास अंबवा, 23 को नरौली, 24 को गितिलगढ़, 25 को हनहट, 27 को गजनी, 28 को हुदू, 29 को चाल्हो व 30 मई को कैरो प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है।

### बच्चों के नामांकन को सीओ ने किया जागरूक



**घाघरा।** प्रखंड के मकरा स्थित सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में शुक्रवार को सीओ प्रणव ऋतुराज पहुंचे। जहां बच्चों को मोटिवेशन क्लास के माध्यम से प्रखंड कार्यालय परिसर में खुले महात्मा गांधी पुस्तकालय में दाखिला लेने और अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने की बात कही। कहा कि कई बच्चे किताब अन्य सामग्री के अभाव के कारण नौकरी की तैयारी नहीं कर पाते। जिसके लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में पुस्तकालय का निर्माण किया गया है जो पूर्ण रूपेण हाईटेक है।

### गुरुकुल शांति आश्रम में 13 को विराट कवि सम्मेलन

**लोहरदगा।** महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 की जयंती पर आयोजित आर्य वीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 13 मई दिन शनिवार को संध्या 6 बजे से होगा। जिसमें प्रख्यात कवि व कलाकार कुमार संजय, नीतू सिन्हा, मीना बंधन, अंकिता सिन्हा, शालिनी, चंदन प्रजापति, गुरमीत एवं खुशबू बरनवाल अपनी कला से संदेश देंगे। जानकारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने दी।

### पेयजल समस्या के समाधान पर दिया गया जोर

**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय चैनपुर के सभागार में शुक्रवार को 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक एफ्रेम टोप्पो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भीषण गर्मी को देखते हुए 20 सूत्री सदस्यों द्वारा प्रखंड मे खराब पड़े जल मीनार, चापाकल की मरम्मत कराने की बात पेयजल विभाग के जे.ई. को कही गई। रेफरल अस्पताल चैनपुर के पदाधिकारी द्वारा एंबुलेंस, ममता वाहन, फाईलेरिया एवं जीवन रक्षक दवाओं के बारे जानकारी लेते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही गयी। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गयी। सभी बैंकों में होने वाली समस्याओं के बारे भी चर्चा किया गया। साथ ही साथ पोल्टेक्निक कालेज में निशुल्क नामांकन करने हेतु चर्चा एवं प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से चैनपुर बीडीओ डा शिशिर कुमार सिंह सहित 20 सूत्री सदस्य एवं अन्य विभाग के पदाधिकारियों व कर्मचारी उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल : महिला डॉक्टर तीन घंटे गायब, मरीज परेशान

>> कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित गुमला सदर अस्पताल का हाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** चिकित्सकों की कमी की समस्या से जूझ रहे गुमला सदर अस्पताल गुमला की अव्यवस्था अब सामने आने लगी है। डॉक्टरों की कमी के कारण दूर से आये मरीज को कई तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को तीन घंटे तक महिला डॉक्टर के गायब रहने से मरीज पूरी तरह परेशान रहे। दर्द से कराहते मरीज अस्पताल के फर्श पर पेट पकड़कर को घंटों बैठने को मजबूर दिखे। दूर गांव के सैकड़ों मरीज सुबह 7:30 बजे से ही अस्पताल पर आकर बैठे हुए थे। 12 बजे तक डॉक्टर का इंतजार करते रहे। लेकिन डॉक्टर नहीं मिले। मरीज व परिजनों का गुस्सा बढ़ रहा था। तभी इसकी सूचना सिविल सर्जन गुमला को दी गयी।

### गर्मी छुट्टी आरंभ करने की मांग

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने स्कूलों में गर्मी छुट्टी आरंभ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तेज धूप के समय बच्चे स्कूल से लौट रहे हैं। ऐसे में उन्हें लू लगने और बीमार पड़ने की संभावना बढ़ गयी है। चूंकि धीरे-धीरे तापमान बढ़ते जा रहा है। किंतु इसके बावजूद वे सुबह में स्कूल जा रहे हैं और दोपहर में तब पारा परवान पर रहता है। जब बच्चे घर लौट रहे है। ऐसे में नौनिहालों की चिंता करते हुए अब गर्मी की छुट्टी आरंभ हो जानी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में उपायुक्त से पहल करने का अनुरोध किया है।

## मुस्कान वाहन सर्विसिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा किस्को मुख्य पथ पर ओयना टोंगरी के निकट स्थित कुरैश फ्यूल सेंटर परिसर में शुक्रवार को मुस्कान वाहन सर्विसिंग वासिंग सेंटर का उद्घाटन कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी व पावरगंज मस्जिद के इमाम हाफिज शफीक ने किया। मौके पर कुरैश फ्यूल सेंटर के संचालक हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कुरैश फ्यूल सेंटर पर सभी प्रकार के वाहनों को तेल के साथ-साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं देने का भी लगातार प्रयास जारी है। इसी के तहत पेट्रोल पंप परिसर में मुस्कान वाहन सर्विसिंग वासिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया है। जहां सभी वाहनों के पोलूशन की जांच सहित सर्विसिंग और वाशिंग हवा और पानी की सुविधा भी उपलब्ध की जा रही हैं।

# कुम्हारी में विजय सोरेंग की प्रतिमा का सांसद व पूर्व स्पीकर ने किया अनावरण

- पुलवामा हमले में शहीद हुए थे गुमला के लाल वीर विजय सोरेंग
- ग्रामीणों ने बसिया में जमीन ऑन लाइन करने में लगाया गडबड़ी का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



शहीद विजय सोरेंग की प्रतिमा का अनावरण करते सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव व अन्य।

**गुमला।** बसिया प्रखंड के कुम्हारी में शुक्रवार को पुलवामा में शहीद विजय सोरेंग की प्रतिमा का अनावरण सांसद श्री सुदर्शन भगत व पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव ने किया। इस दौरान सांसद सुदर्शन भगत आम जनों और कार्यकताओ से मिलकर उनका हालचाल जाना और समस्या से अवगत हुए। वहीं ग्रामीणों ने बसिया अंचल में जमीन ऑनलाइन की प्रक्रिया में गड़बड़ी करने की शिकायत की। ग्रामीणों ने कहा कि जमीन ऑनलाइन करने के नाम पर लोगों को परेशान किया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि दो 2 साल से ऑनलाइन करने के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन इसके बाद जांच के नाम पर लटका दिया जाता है। मोटेशन के नाम पर काफी चक्कर काटना पड़ता है। ग्रामीणों ने जमीन संबंधी समस्या दूर करने के लिए शिविर लगाकर मामले को निपटाने की मांग की। बसिया बना गुटू के ग्रामीणों ने राउमवि के खेल मैदान से 11000 का बिजली तार गुजरने से बच्चों को खेलने में हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए उसे दूर करने की मांग की।

#### खास बातें

- ग्रामीणों ने कुम्हारी बाजार में पेयजल की समस्या होने की भी बात कही। वही अमर पांडे ने कुमारी विद्या मंदिर स्कूल में सोलर लाइट का प्रबंध करने की मांग की। कामडारा से पहुंचे ग्रामीणों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। कुम्हारी के पप्पू सोनी ने पोकला रेलवे स्टेशन में तपस्विनी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की साथ ही उन्होंने प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में मध्याह्न भोजन में सही तरीके से बच्चों को भोजन नहीं देने की शिकायत की।

# अगलगी में गरीब का घर जला परिवार को लाखों का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरू बांध टोली में जलालुद्दीन अंसारी के पुत्र मुस्ताक अंसारी तथा स्वर्गीय रहमत अंसारी के पुत्र जाकीर अंसारी के घर में गुरुवार रात करीब 8 : 30 बजे आग लग गया। बताया जाता है। की अगलगी के समय घर मे ताला लगा हुआ था। आग लगने से कच्चा खपरैल मकान पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गया है और घर में रखा गोदरेज, फ्रिज, कपड़ा बिछावन सहित खाद्यान सामग्री के अलावे घर में रखा कुछ नगद राशि भी जल कर राख हो गया। मकान जलने से लाखों रुपये की क्षति बताया जा रहा है। वहीं मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया राजश्री उरांव एवं थाना प्रभारी धनंजय पासवान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग को फैलने से बचा लिया था और आग पर काबू पा लिया गया था जबकी अग्निशमन टीम पहुंच कर आग बुझाने की दिशा में कार्य किया। वह अगलगी घटना की सूचना शाम करीब 8:30 बजे मस्जिद से नमाज पढ़ कर निकलने के पश्चात देखा गया। कि घर से काफी धुआं एवं चिंगारी निकल रहा था। तभी अगलगी का शोरगुल हुआ तो स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से टूल्लू मशीन लगा कर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। परंतु आग की लपेट इतना ज्यादा था कि अग्निशामक टीम को पहुंचना पड़ा। तभी घर में लगी आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया गया।



आग से जलता घर।

- बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि मुस्ताक अंसारी के घर में आग लगी है। आग कैसे लगी इसका अनुसंधान थाना क रहा है। फिलहाल पीड़ित के रहने की व्यवस्था बगल के घर में की गयी है। सरकारी प्रावधान के तहत नियम के अनुसार मुआवजा देने का प्रयास भी किया जायेगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

# दो मेडिकल स्टोर जलकर राख, लाखों का नुकसान

## आधा दर्जन घरों को भी आंशिक नुकसान, जांच की मांग





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले में इन दिनों अगलगी की वारदात बढ़ गई है। एक बार फिर अगलगी की घटना घटी है। शहर के पुराने पेट्रोल पंप के पास तीन मंजिला न्यू फेमस मेडिकल स्टोर में गुरुवार की आधी रात आग लग गई। इस घटना में तीन दुकान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं शॉप के समीप संचालित साहू मेडिकल व गया मिष्ठान समेत आसपास के आधा दर्जन घरों को भी आंशिक नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि बीती रात दो बजे न्यू फेमस मेडिकल हॉल में आग लगी। जब कोई कुछ समझ पाते कि आग लगी है। तब तक दो दुकान में और आग पकड़ ली। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक तीन दुकान जलकर राख हो गए थे। हालांकि एक दुकान साहू मेडिकल को टीम ने बचा लिया। इस बीच घर के ऊपरी तल्ला में पांच से 6 लोग रह रहे थे। वहाँ से कूद कर अपनी जान बचाई। एक युवक उसी में फंस गया। जिसे फायर ब्रिगेड की टीम ने उसे सकुशल बाहर निकाला। इस घटना में एक पल्सर बाइक भी पूरी तरह जल गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।अगर आग की लपटें पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी हादसा हो सकता था। क्योंकि जिस जगह पर आग लगी थी उसके कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप संचालित होता है। लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर बड़ी हादसा को टाल दिया। हालांकि न्यू फेमस मेडिकल के संचालक मोहम्मद शमीम ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आज के टेक्नोलॉजी में शॉर्ट सर्किट होने पर एमसीबी गिर जाता है। बावजूद इतने बड़े पैमाने पर आगजनी की घटना कैसे हुई यह जांच का विषय है। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## कुछ नहीं बचा सर, कहां रहूं, क्या खाएं : पीड़ित परिवार दशरथ



### जले घर की हालत देखकर भावुक हुए बीडीओ और सीओ

**टंडवा (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तेलियाडीह टोला अस्नालेबर में बीते दिन तीन परिवारों का घर पूरी तरह से जल गया। जल गए घर को देखने एवं पीड़ित परिवार से मिलने टंडवा बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय कुमार दास, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला परिषद सदस्या देवन्ती देवी, मुखिया महावीर साव, उपप्रमुख जितेन्द्र कुमार सिंह, आजसू नेता मनोज चंद्रा अस्नालेबर पहुंचे। सभी ने जल गए घर का मंजर देख भाव विभोर हो गए। स्थिति यहां तक भयावह हो गई कि दशरथ यादव स्कूल में एवं इंदर यादव का कुछ परिवार आंगनबाड़ी केन्द्र और दुकान खधैया के कमरे में रहने को विवश है। पीड़ित दशरथ यादव ने कहा कि सब कुछ जल गया, कुछ नहीं बचा सर, कहां रहूं और क्या खाएं? यह शब्द सुन उपस्थित सबों ने ढाढस बंधाया। बीडीओ रंथू महतो ने आश्वस्त किया कि उपायुक्त महोदय से बात कर अम्बेडकर आवास देने का प्रयास किया जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी विजय दास ने आपदा से हर संभव क्षति पूर्ति दिलाने के लिए आश्वस्त किया। बीडीओ के द्वारा अपने स्तर से कुछ कपड़ा, कंबल दिया गया। इसके पुर्व टंडवा सांसद प्रतिनिधि के द्वारा पचास किलो चावल, दाल, नमक, बेडसीट कपड़ा, कंबल दिया गया। मौके पर पहुंचे मनोज चंद्रा के द्वारा कुछ साड़ी धोती दिया गया। भाजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह ने बीडीओ से आग्रह किया कि वर्तमान में दो दो क्विंटल चावल और खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाए, वहीं मुखिया महावीर साव ने तीनों जले घर के पीड़ित परिवार को आवास उपलब्ध कराने की मांग किया। उपस्थित सभी ने आवास दिए जाने की मांग का समर्थन किया। मौके पर पुर्व जिला परिषद सदस्य बनवारी साव, खाद्य आपूर्ती विभाग सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, सुबोध कुमार, गोपाल यादव, रूपलाल साव व अन्य उपस्थित थे।

### एक नजर में

## अंशिका ने 94.2% अंक लाकर क्षेत्र का नाम किया रोशन



अंशिका तो मिठाई खिलाते परिवार के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेराल।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत संगवरिया गांव निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य सह गढ़वा विधान सभा से बसपा के पूर्व प्रत्यासी विरेंद्र प्रसाद की पुत्री अंशिका गुप्ता ने सीबीएसई बोर्ड में 94.2% अंक प्राप्त कर गांव के साथ जिले का नाम रोशन किया है। जहाँ एक ओर परीक्षा परिणाम से जवाहर विद्या मन्दिर श्यामली रांची के इंटर कला की छात्रा अंशिका गुप्ता के चेहरे खिल उठे तो वहीं उनके परिवार में खुशी का माहौल है। अंशिका के सफलता पर परिवार के सदस्यों ने मिठाई खिलाकर बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंशिका ने अपने इस सफलता का श्रेय अपनी नानी सुषमा गुप्ता, मां तरहसी उच्च विद्यालय की क्षिक्षिका श्वेता गुप्ता एवं पिता वीरेंद्र प्रसाद के साथ-साथ स्कूल के शिक्षक गण को देते हुए कहा कि मेरी बचपन से भारतीय प्रशानिक सेवा मे जाने का सपना है।

## साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल

**इटखोरी।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में इटखोरी के साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। स्कूल की रिया कुमारी 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम, निदेशक अशोक कुमार तथा प्राचार्य हरगोविंद तिवारी ने उन्हें शुभकामनाएं दी है प्राचार्य ने बताया है कि सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में इस वर्ष स्कूल से 18 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय की रिया कुमारी ने 93 प्रतिशत, प्रियांशु ने 86 प्रतिशत तथा ज्योति, अमित एवं ऋषिका ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। मालूम हो कि साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में पहली बार स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए थे।

## उत्कृष्ट वीडियोग्राफी के लिए राहुल को मिला 75 हजार रुपए का चेक



चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखण्ड राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कॉम्पटीशन में भवनाथपुर के राहुल को उत्कृष्ट वीडियोग्राफी करने के लिए 75 हजार रुपये का चेक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदान किया। राहुल कुमार ने बताया कि पर्यटन विभाग के द्वारा जनवरी माह में विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। मेरा वीडियोग्राफी प्रतियोगिता प्राकृतिक सुंदरता और परिदृश्य के क्षेणी में था। प्रतियोगिता में चयन लाइक्स एवं व्यूज के माध्यम से था इसकी रजिस्ट्रेशन झारखण्ड पर्यटन के ऑफिसियल वेबसाइट पर करना था।

राहुल कुमार ने अपने सफलता का श्रेय अपने पूरे परिवार को दिया। राहुल ने कहा कि मेरा पूरा परिवार वीडियोग्राफी के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मेरा सहयोग किया है। वहीं झारखण्ड पर्यटन विभाग को प्रतियोगिता कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# 97 प्रतिशत अंक लाकर सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में अंशुल पटनायक बने स्कूल टॉपर



आर्यन कुमार यादव



विवेकानंद गुप्ता

## इंजीनियर बनने की है सपना



अंशुल को मिठाई खिलाते माता-पिता



उज्ज्वल सोनी



प्रियांशु चौबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा का परीक्षा में 258 में 256 बच्चे उतीर्ण हुए, जबकि दो बच्चे परीक्षा से अनुपस्थित थे। इसमें शहर के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी मनोज पटनायक के पुत्र अंशुल पटनायक 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। उन्होंने गणित विषय में 99, विज्ञान में 99, सामाजिक विज्ञान में 98, अंग्रेजी में 91 व कंप्यूटर में 97 अंक प्राप्त किया है। वहीं प्रियांशु चौबे ने 96.2, विवेकानंद गुप्ता ने 95.2, उज्जवल सोनी व आर्यन कुमार यादव ने 94-94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय टॉपर अंशुल पटनायक इंजीनियर बन कर देश की सेवा करना चाहता है। वह अभी से ही तैयारी में जुट गया है। अंशुल ने कहा कि मेहनत निरंतर करनी चाहिए। सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, स्कूल के शिक्षकों के अलावा स्कूल के निदेशक को दिया है। वहीं अंशुल के पिता मनोज पटनायक ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए लगे हुए हैं। छोटे व्यवसाय से ही गूजारा चल रहा है। बच्चों को मंजिल तक पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। बच्चों की सफलता में ही अभिभावकों की सफलता होती है।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल का 10+2 के पहले बैच का शानदार प्रदर्शन



बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** सीबीएसई बोर्ड का जारी सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परीक्षा फल में शहर के जीएन कान्वेंट स्कूल 10+2 का परिणाम काफी बेहतर रहा। इस स्कूल के प्रथम बैच के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इनमें आर्यन कुमार सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहा। जबकि 91 प्रतिशत अंक के साथ सोनाली कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की। जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने बताया कि आर्यन और सोनाली ने गणित में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त की। फिजिक्स में 94, केमिस्ट्री में सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक मिला। 80 प्रतिशत अंक पाने वालों में स्वेक्षा कुमारी, लकी रौशन, सौर्य प्रकाश शामिल है। आठ छात्र छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया।

शेष विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। जबकि एक छात्र का कंपार्टमेंट है। स्कूल के पहले सेशन के रिजल्ट में शानदार पर प्रदर्शन पर निदेशक ने सभी छात्र छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। प्राचार्य सीबी सिन्हा ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को विशेष शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह स्कूल अकैडमी स्तर पर श्रेष्ठ साबित होगा।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों ने शत-प्रतिशत पाई सफलता







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सीबीएससी बोर्ड के द्वारा 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस रिजल्ट में सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया के शत-प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है। इस बारे में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि परीक्षा में 151 छात्र शामिल हुए थे। इनमें 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। जबकि 27 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। विद्यालय के निदेशक, एकेडमिक डायरेक्टर, प्राचार्य सभी सफल बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्रिजली विद्यालय के दीपक बने जिला टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**








**कोडरमा।** सीबीएसई 10वीं में ग्रिजली विद्यालय के दीपक कुमार यादव 972 प्रतिशत अंक लाकर जिला एवं विद्यालय टपर बने, साक्षी सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे व विनायक 964 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में कुल 232 छात्रों ने भाग लिया। जिनका परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में दीपक कुमार यादव 972 प्रतिशत अंक लेकर जिला टपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं साक्षी सिंह 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में दूसरे विनायक 964 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। जबकि कुंदन कुमार 96.2 प्रतिशत अंक लाकर चौथे व हिमांशु सिंह 952 प्रतिशत अंक लाकर पांचवे स्थान पर रहे। वही प्रियांशु कुमार 95 प्रतिशत, ऐश्वर्या सुधांशु 948 प्रतिशत, अनन्या सिंह 948 प्रतिशत, ष कुमार एवं साइना सबरीन 946 प्रतिशत, पलक हिसरिया, करणदीप सिंह सलूजा एवं रिशु कुमार 944 प्रतिशत, आर्यन भदानी 94 प्रतिशत, अली अशरफ 938 प्रतिशत, अदिति बर्णवाल 936 प्रतिशत, सुभम कुमार राणा 928 प्रतिशत, उदित किरण 92 प्रतिशत, अमन कुमार 918, धनूजय कुमार, आदित्य राज, अलोक आजाद, कुशल कुमार एवं श्रेयांश दुग्गर 916 प्रतिशत, आर्यन, रिया रानी 912 प्रतिशत, ओम कुमार एवं मनीषा कुमारी 91 प्रतिशत, जिज्ञाषा 906 प्रतिशत, भास्कर 904 प्रतिशत, आशुतोष कुमार 90 प्रतिशत प्राप्त किये।

## सृष्टि सेजल 95 प्रतिशत के साथ बनी विद्यालय टॉपर

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी के छात्र-छात्राओं ने सीब्रीएसई. बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए बच्चों ने शत-प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। परीक्षा में कुल 87 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए माता पिता व शिक्षकों के योगदान की बात कही। उन्होंने अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों का श्रेय दिया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रजनीश शर्मा, संचालक रामप्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिये।

## सीबीएसई बोर्ड के वर्ग-10 के परिणाम में रहा डीएवी का बोलबाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** शुक्रवार को सीबीएसई वर्ग-10 के परिणाम घोषित किये गए एवं अन्य वर्ष के भाँति इस वर्ष भी चतरा एवं हजारीबाग क्षेत्र-प्रक्षेत्र में डीएवी विद्यालय, चतरा का परिणाम शत प्रतिशत एवं सर्वोत्कृष्ट रहा। ज्ञातव्य हो कि डीएवी, चतरा से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा वर्ग-10 के लिए 136 छात्र-छात्राएं सम्मलित हुए और सभी से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। डी ए वी,चतरा के कुमार उत्कर्ष (474/500-94.8%) प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं समर सुलेमानी (471-94.2%) प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मानवी राज (469-93.8%)अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त रिषभ कुमार (93.0%), मनीषा कुमारी (91.8%), शुभम कुमार (91.2%) संस्कृति सिंह (91%), यश वर्मा (90.4%), सृष्टि आर्य (89%) एवं रिमझिम राज (88.8%) क्रमशः चौथा, पाँचवा, छठा, सातवाँ, आठवाँ, नौंवा एवं दशमा स्थान प्राप्त किया। तथा लगभग 08 छात्र-छात्रा का प्रतिशत 91से 100%, वहीं 21 छात्र-छात्रा का प्रतिशत 81से 90%, तथा 23 छात्र-छात्रा का प्रतिशत 71 से 80% साथ ही 31 छात्र-छात्रा का प्रतिशत 60 से 70 प्रतिशत रहा।

डीएवी विद्यालय, चतरा के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार का परिणाम कुशल शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं छात्रों के पूर्ण परिश्रम की देन है। साथ ही कहा कि इस अच्छे परिणाम से न केवल विद्यालय, आपके और आपके परिवार का नाम रौशन हुआ बल्कि पूरे चतरा जिला का नाम रौशन हुआ। डी ए वी विद्यालय, चतरा, प्रबंधन सभी सफल छात्रों को बधाई प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीबीएसई कक्षा दसवीं बोर्ड के परिणाम में सैनिक स्कूल चौम्पियन







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** बारहवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा के परिणाम से प्रकाशित होने के साथ ही, आज का दिन कक्षा दसवी बोर्ड परिक्षार्थियों के लिए आनन्द से भरा रहा। इस परीक्षा में सैनिक स्कूल तिलैया के सैन्य छात्रों का परिणाम उत्साहवर्धक रहा। कुल 155 सैन्यछात्र, दसवी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें 100 प्रतिशत उत्तीर्ण परिणाम लाने के साथ-साथ, आश्चर्यजनक ढंग से कुल 48 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए, जबकि 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता प्रदर्शित करने वाले कुल 118 सैन्य छात्रों ने एक अलग ही रुझान प्रदर्शित किया है।

## जीएस. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**डोमचांच (कोडरमा)।** स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीब्रीएसई. बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी बच्चों ने शत-प्रतिशत बच्चों ने अव्वल अंकों के साथ बाजी मारी। बता दें कि विद्यालय के दशम वर्ग के कुल 81 बच्चों ने इस परीक्षा में शामिल हुआ था, जिसमें 81 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ उतीर्ण हुए। बच्चों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए माता पिता व शिक्षकों के योगदान की बात कही। उन्होंने अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को श्रेय दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिए।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में 924 प्रतिशत अंक लाकर आयुष बना विद्यालय टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड का सत्र 2022-23 के कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कूल 130 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें 121 विज्ञान संकाय में, 5 वाणिज्य संकाय में और 4 कला संकाय में थे। विज्ञान संकाय में आयुष कुमार 924 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर बना, वहीं दूसरे स्थान पर मान्या मोदी 918 प्रतिशत तथा तीसरे स्थान पर अंशित कुमार बर्णवाल 898 प्रतिशत रहे। विद्यालय से कुल 2 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ऊपर तथा 22 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से उससे ऊपर अंक प्राप्त किये। वहीं विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने इस परीक्षाफल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह परीक्षाफल शिक्षकों व विद्यार्थियों के मेहनत का प्रतिफल है। विद्यालय अपने क्षेत्र का हमेशा से गौरवान्वित करते आया है और आगे भी खुश होने का बेहतर मौका देते रहेगा। बधाई देने वालों में सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, अमित कुमार यादव, आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अभिषेक बना विद्यालय टॉपर

**कोडरमा।** चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कन्वेंट स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई दशवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त किया है। सभी बच्चों ने पास कर विद्यालय के रिजल्ट को शत प्रतिशत बनाया। अभिषेक सिंह ने सर्वाधिक 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टपर बना। वही पंडित पल्लवी ने द्वितीय स्थान एवं कृष गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि बच्चों का शत प्रतिशत रिजल्ट आने से अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय परिवार को भी गौरवान्वित किया। पूरा विद्यालय परिवार इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

# आभूषण व्यापारी से 6 किलो चांदी व नगद 25 हजार की लूट

## सोनुवा हाट से लौटते वक्त हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम, पुलिस जांच में जुटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** सोनुवा-चक्रधरपुर मुख्य सड़क मार्ग में आए दिन लूट की घटनाएं हो रही है। ताजा मामला आभूषण व्यापारी से लेट की है। सोनुवा थाना क्षेत्र के दिग्गीलोटा गांव के पास गुरुवार शाम चक्रधरपुर के आभूषण व्यापारी से हथियारबंद अपराधियों ने 6 लाख रुपये से अधिक के गहने समेत नगद करीब 25 हजार रुपए की लूट कर ली। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर के पुरानी बस्ती निवासी श्रीमुखो साहु गुरूवार को सोनुवा साप्ताहिक हाट से अकेले बाइक से शाम करीब पांच बजे चक्रधरपुर लौट रहे थे। इस दौरान दिग्गीलोटा के पास चार अपराधियों ने तीन बाइक से पीछा करते आ पहुंचे। तभी एक अपराधी ने ओवरटेक कर सामने से अपनी मोटरसाइकिल लगाकर श्रीमुखो के बाइक की चाबी निकाल ली। जिससे वह अन्यत्रित होकर बाइक सहित गिर पड़े। जिससे उनके पैर और हाथ में गंभीर चोट आई है। इसी दौरान एक युवक ने हथियार लहराते हुए श्रीमुखो साहू से करीब छह किलो चांदी व नगद 25 हजार रुपए छिनकर फरार हो गए। पीड़ित श्रीमुखो साहू ने किसी तरह अपने बेटे को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद देर शाम सोनुवा थाना पहुंच पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इधर, पुलिस लूटेरों की पहचान कर धर पकड़ में जुट गई है। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व भी इसी मार्ग के बैद्यमारा फाटक के पास एक व्यक्ति से अपराधियों ने पांच लाख रुपए की लूट कर ली थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी थी।

# सैंड आर्ट बनाकर बिहार में बाबा धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के स्वागत में बिहार में छपरा के एक युवक ने धीरेंद्र शास्त्री का सैंड आर्ट बनाकर उनका बिहार में स्वागत किया है। सैंड आर्टिस्ट अशोक कुमार ने सरयु नदी के तट पर सफेद बालू से बाबा की तस्वीर उकेरी है। बालू की इस कलाकृति को खास सराहना मिल रही है। बिहार के लोग इस कलाकृति को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत कर रहे हैं। अशोक कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर 4 घंटे की मेहनत के बाद सैंड आर्ट बनाया है। सैंड आर्टिस्ट अशोक कुमार की इस तस्वीर को धीरेंद्र शास्त्री के बागेश्वर धाम सरकार के फेसबुक प्रोफाइल से आज शेयर किया गया है, जिससे फोटो की खूब चर्चा हैं। आर्टिस्ट अशोक कुमार ने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री का बिहार में पहली बार आगमन हो रहा है, जिसको लेकर स्वागत के रूप में यह तस्वीर बनाई गई है। बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने मेरे सैंड आर्ट को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से पोस्ट करके इसके महत्व और ज्यादा बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि बिहार में धीरेंद्र शास्त्री का आगमन 13 मई हो रहा है। वह 13 मई से 17 मई तक पटना के नौबतपुर में हनुमान कथा सुनायेंगे। इसे लेकर बिहार वासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उनके स्वागत में शुक्रवार को पटना में 51 सौ महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आईना दिखाया : ललन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला भाजपा के लिए जोरदार तमाचा है। हम सुप्रीम कोर्ट को सलाम करते हैं, जिन्होंने अलोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने वाले लोगों को आईना दिखाकर देश में लोकतंत्र को पुनः स्थापित करने का काम किया है। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय के कपूरी सभागार में पत्रकार सम्मेलन कर उन्होंने दिल्ली सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को कोट करते हुए कहा कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को केंद्र सरकार द्वारा मनोनीत राज्यपाल नियंत्रण नहीं कर सकता है और महाराष्ट्र सरकार के मामलों में भी कोर्ट ने राज्यपाल की भूमिका को संदिग्ध माना। इन दोनों सन्दर्भों से स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार राज्यपाल के माध्यम से चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को नियंत्रित करना चाहती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर्नाटक चुनाव के सम्बंध में कहा कि एग्जिट पोल से अंदाजा लग गया होगा कि कर्नाटक अब भाजपा मुक्त बनने की ओर अग्रसर है। इस बार कर्नाटक के चुनाव में करप्शन का मुद्दा सबसे प्रमुख था और जनता को करप्शन के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा द्वारा साम्प्रदायिक मुद्दों को सहारा लिया गया। विपक्षी एकता पर ललन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास से सभी विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का निर्णय किया है। 2024 में देश से भाजपा का सफाया तय है।

## उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पत्रकार रवीश कुमार की माँ के श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल



**पूर्वी चंपारण।** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शुक्रवार को पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज अनुमंडल क्षेत्र स्थित जितवारपुर गांव पहुंचे,जहां वह वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार की मां के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए और दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि गत दिनों वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार की मां यशोदा पाण्डेय का निधन होने के बाद आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था।जिसमें तेजस्वी यादव शामिल हुए। वही रवीश कुमार की मां यशोदा पाण्डेय के निधन पर

**सीएम ने भी जतायी संवेदना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी ट्वीट कर शोक जताया है।अपने ट्वीट में नीतीश कुमार ने लिखा की वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार जी की माता जी यशोदा पाण्डेय जी का निधन दुःखद है,वे एक सामाजिक और धर्मपरायण महिला थीं।दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना है।

# चित्त में प्रवृत्तियों के प्रवाह को रोकना ही योग है : गुप्तेश्वर पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेगूसराय।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया में आयोजित महायज्ञ में राम कथा के दौरान कथावाचक पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा है कि राम कथा मनोरंजन के लिए नहीं है। रामकथा तो आदमी को सच्चा मनुष्य बनाने के लिए है। सहस्त्र चंडी महायज्ञ के पांचवें दिन सांस्कृतिक मंच से कथावाचक गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि सनातन संस्कृति में माताएं क्षमा, दया, त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति है। शैलपुत्री ने प्रभु शिव से पूछा कि संसार का जिससे कल्याण हो, वह कथा कहिए।

माता पार्वती ने अवतार से लेकर विवाह तक का प्रश्न शिव से पूछा तो शिव के रोंगटे खड़े हो गए। जब शिव से पार्वती ने प्रश्न पूछा तो एक दंड के लिए प्रभु समाधि में लीन हो गए थे। पतंजलि के अनुसार चित्त में प्रवृत्तियों के प्रवाह को रोकना ही योग है। सगुण और निर्गुण ब्रह्म में कोई भेद नहीं है। देवी पार्वती ने राम के संबंध में आठ प्रश्न भगवान शिव से किया। देवी पार्वती ने पूछा था कि राम कैसे भगवान हैं जब वे राजा के पुत्र हैं। उन्होंने बाल कथा, जानकी के साथ विवाह, वनवास, रावण वध समेत कई प्रश्न पूछे थे। दर्शकों की भीड़ को संबोधित करते हुए गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि ध्यान की प्रगाढ़ स्थिति का नाम समाधि है।

सनातन विज्ञान का प्रकाशन तुलसीदास से रामचरित मानस के रूप में प्रकाशित किया। उन्होंने अवतार के पांच कारण बताए। इसके साथ ही शिव विवाह का भजन के माध्यम से विस्तार से वर्णन किया।



# खेत से मकई तोड़ने के विवाद में मारपीट में एक ही परिवार के सात लोग घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अररिया।** महलगांव थाना क्षेत्र कुर्सेल बलवा वार्ड संख्या 12 में शुक्रवार के दोपहर खेत से मकई तोड़ने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट में एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पहले जोकीहाट रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी घायल को अररिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी घायल सदर अस्पताल में भर्ती हैं जहां चिकित्सकों के द्वारा घायलों का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल सदर अस्पताल में भर्ती सभी घायलों को खतरे से बाहर बताया गया। घटना की सूचना अस्पताल प्रबंधन की ओर से संबंधित थाने को दे दी गई है। सदर अस्पताल में भर्ती घायलों में 65 वर्षीय शेख मंगतू, 45 वर्षीय हुस्न नवी, 20 वर्षीया गुड्डी, 15 वर्षीया मुन्नी,27 वर्षीय मो.राहिल और 30 साल के मो. गुड्डन हैं।

# जाति आधारित गणना के लिए नीतीश सरकार प्रतिबद्ध : संजय झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** जल संसाधन सह सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री संजय झा ने कहा कि जाति आधारित गणना को लेकर हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इसमें निजात को लेकर सवाल खड़े करना बिल्कुल अनुचित है। वह शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जातीय व आर्थिक सर्वेक्षण आवश्यक है। मामला कोर्ट में है इसीलिए इस पर अतिरिक्त कुछ कहना सही नहीं होगा, कोर्ट में सरकार मजबूती से अपना पक्ष रखने का काम करेगी। मुख्यमंत्री के विपक्षी एकजुटता पर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देशभर में विपक्षी एकता की मुहिम को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। सभी विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री जी के इस पहल की सराहना की है। जल्द ही सभी लोग साथ बैठकर आगे की रणनीति तय करेंगे। मंत्री संजय झा ने हाल में ही लॉच हुए ह्यबेफिक्र एप्पह्न की जानकारी देते हुए कहा कि बिहार में बाढ़ और सुखाड़ के प्रभाव को कम करने में यह एप्प लाभकारी और कारगर सिद्ध होगा। इस एप्प के माध्यम से बाढ़ एवं सिंचाई क्षेत्र से सम्बंधित सूचनाओं को भी तय समय से पहले हर व्यक्ति तक पहुंच जाएगा। आधुनिक प्रदेश के सपनों की ओर बढ़ते बिहार का यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है।



# खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में जुटे डीसी, शहर में नए स्टेडियम के लिए 6 एकड़ जमीन चिह्नित

**खिलाड़ियों को दी जाएगी हर संभव मदद: अबु इमरान**

डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए एक खुशखबरी हैं, दरअसल जल्द ही शहर में खिलाड़ियों के लिए सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। डीसी अबु इमरान जिले में खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए शहर में एक ओर भव्य स्टेडियम बनाने की योजना तैयार की है। इसको लेकर डीसी अबु इमरान ने एसडीओ सह खेल पदाधिकारी मुमताज अंसारी से प्रस्ताव की मांगा की है। प्रशासनिक स्तर पर इसकी कार्य योजना बनना शुरू हो गई है। इसके लिए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। प्राक्कलन बनते ही डीसी के माध्यम से पर्यटन,कला-संस्कृति, खेलकूद और कार्य विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। डीसी अबु इमरान ने बताया कि नया स्टेडियम का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के प्रशिक्षण भवन एवं महिला कालेज के बीच खाली छः एकड़ जमीन को चिन्हित कर ली गई है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। एसडीओ सह जिला खेल-कूद पदाधिकारी मुमताज अंसारी ने बताया कि राशि का आवंटन पर्यटन,कला-संस्कृति, खेलकूद और कार्य विभाग से होना है। इसलिए प्राक्कलन के साथ प्रस्ताव जल्द ही भेजा जाएगा।

**छः एकड़ में होगा स्टेडियमः** महिला कॉलेज व प्रशिक्षण भवन के बीच में खाली लगभग छः एकड़ जमीन पर भव्य स्टेडियम का निर्माण होने वाला है। नगर परिषद से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल गया है। हालांकि, स्टेडियम में सुविधाओं को लेकर अभी प्लान बनना बाकी है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से स्टेडियम के लिए छः एकड़ जमीन चिन्हित कर लिया गया है। भविष्य में जमीन का क्षेत्रफल बढ़ाने की सम्भावना है। ऐसे में क्षेत्र के खिलाड़ियों को सुविधा के आभाव में शहर से बाहर जाने की जहमत नहीं उठानी होगी। स्टेडियम में तीन स्थानों पर द्वार, चारों ओर चारदीवारी, चार सौ मीटर ट्रैक, एक तरफ डबल फ्लोर का पवेलियन आदि शामिल हैं।

**आवश्यकता को देखते हुए दिया गया निर्देशः** दरअसल, खेल-कूद के लिए जिला मुख्यालय में एक मात्र जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम है। जहां पर खेल-कूद, स्वतंत्रता दिवस समारोह से लेकर विभिन्न तरह की कार्यक्रम का आयोजन होता है। दुसरे स्टेडियम की आवश्यकता को देखते हुए डीसी के निर्देश पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। डीसी अबु इमरान जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम को जीर्णोद्धार करते हुए आकर्षक रूप दे रहे हैं। कार्य प्रगति पर है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की तस्वीर बदल जाएगी ऐसे में वहां पर फुटबॉल एवं अन्य खेल होगा ऐसे में दूसरे स्टेडियम का आवश्यकता को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**जिप उपाध्यक्ष ने जताया डीसी का आभारः** शहर में एक और स्टेडियम बनाने की योजना तैयार करने पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने डीसी अबु इमरान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए आपने जो नया स्टेडियम का प्रस्ताव तैयार किया है एक बहुत ही सराहनीय पहल है चतरा जिले के सभी युवा के लिए यह स्टेडियम वरदान साबित होगा।

## आज भी स्टेडियम की उम्मीद लगाए बैठे हैं इटखोरी की खिलाड़ी

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र में लगभग 150 गांव और एक दर्जन से अधिक पंचायतें आती है लेकिन इनमें एक भी पंचायत के पास या प्रखंड स्तर पर स्टेडियम नहीं है। वर्षों से यहां के स्थानीय युवा व खिलाड़ी खेल मैदान बनाने की जिला प्रशासन व नेताओं से मांग कर चुके हैं,लेकिन किसी भी नेता या जिला ने मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। खिलाड़ी आज भी स्टेडियम की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में वर्ष में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है जो सभी स्वयं के स्तर पर खातेदारी भूमि में आयोजित होती है। वर्षों से प्रयासरत युवाओं को मैदान तो दूर की बात अब तक जनप्रतिनिधि और प्रशासन खेल मैदान के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं करवा पाया है। स्थानीय युवाओं ने बताया इटखोरी में खेल मैदान के अभाव में बच्चे और युवा गलियों में खेलने को मजबूर हैं। खेल मैदान के अभाव में क्षेत्र की प्रतिभाएं अब खेल से दूरी बनाने लगी हैं। जिसके कारण विशेष कर बालिकाओं को सुविधाओं के अभाव में घर पर रोकना मजबूरी बनी हुई है क्योंकि जिला स्तर पर बालिकाओं के अभ्यास के लिए भेजना हर किसी परिवार के लिए परेशानी बनी हुई जिसके चलते बालिका प्रतिभा मजबूरन दम तोड़ती नजर आ रही है। खेल से जुड़े जानकारों का कहना है कि क्षेत्र में अनेक खेल प्रतिभाएं छुपी हुई हैं। उनको तलाश कर तराशने की जरूरत है।

दुर्भाग्य से क्षेत्र में खेल सुविधाएं तो दूर की बात अभ्यास के लिए ढंग का मैदान नहीं है। क्षेत्र में एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभाएं हैं लेकिन संसाधनों के अभाव और आर्थिक तंगी से ये प्रतिभाएं अपना दम दिखाने से पहले ही दम तोड़ देती हैं। अब देखना ये है कि कब इनको ये सौगात मिलेंगी।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड के विद्यार्थियों...

टॉपर्स की घोषणा नहीं करने को ले कर सभी स्कूल प्रशासन को साफ तौर पर निर्देश दिये गये हैं। हाल की घटनाओं को देख यह कदम उठाया गया है। **रीजन वाइज कैसा रहा रिजल्ट :** त्रिवेंद्रम- 99.91 फीसदी, बंगलुरू- 98.64 फीसदी, चेन्नई-97.40 फीसदी, दिल्ली वेस्ट- 93.24 फीसदी, चंडीगढ़-91.84 फीसदी, दिल्ली ईस्ट-91.50 फीसदी, अजमेर-89.27 फीसदी, पुणे-87.28 फीसदी, पंचकुला- 86.93 फीसदी, पटना-85.47 फीसदी, भुवनेश्वर -83.73 फीसदी, गुवाहाटी- 83.73 फीसदी, भोपाल- 83.54 फीसदी, नोएडा-80.36 फीसदी, देहरादून - 80.26 फीसदी, प्रयागराज - 78.05 फीसदी।

### रिजल्ट जारी होते ही...

जेवीएम श्यामली के साइंस स्ट्रीम में इस स्कूल की शुभांगिनी, वाणिज्य में निर्णय जैन और आट्र्स में जस सिमरन कौर स्कूल टॉपर बनी है। शुभांगिनी 98.2% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, वहीं कशिश नाज 97.2 प्रतिशत, पलक चौधरी 97% और सिद्धार्थ शर्मा 97% अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में इस स्कूल से 176 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 97.8% अंक प्राप्त कर जस सिमरन कौर विद्यालय की टॉपर रही। कॉमर्स में 82 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें निर्णय जैन 95.6% अंक लाकर विद्यालय के टॉपर बने हैं। 10वीं में जेवीएम श्यामली के विशाल दास और सिद्धार्थ अग्रवाल संयुक्त रूप से स्कूल टॉपर बने हैं। दोनों को 97.8% अंक मिला है। वहीं संस्कृति सिंह 97.6% अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रही। अर्चित शिवम, समृद्धि और शुभांगन रंजन ने 97.4 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में...

माता-पिता भी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में पढ़ाने के लिए प्रेरित होने लगे। इसका नुकसान अध्यापक यूनियन ने कभी इस पर सोचा है कि नहीं सोचा है, मुझे मालूम नहीं है। आज मैं आपको बता रहा हूं, जिस समय आप सोचेंगे इस विषय पर इस सरकार की जितनी तारीफ करेंगे उतनी कम होगी। उन्होंने कहा, क्या हुआ जब ये अंग्रेजी-अंग्रेजी चलने लगा तो गांव-देहात और गरीब परिवार के हमारे उन लाखों शिक्षकों को जो मातृभाषा में पढ़कर निकल रहे थे। वे कितने ही अच्छे शिक्षक हों, लेकिन उनको अंग्रेजी सीखने का अवसर नहीं मिला था। अब उनके लिए नौकरी का खतरा मंडराने लग गया, क्योंकि अंग्रेजी का माहौल चल गया। आपकी नौकरी और आप जैसे साथियों की भविष्य में भी नौकरी निश्चित करने के लिए हमनें मातृभाषा में शिक्षा पर बल दिया है। जो मेरे शिक्षक के जीवन को बचाने वाला है। दशकों से हमारे देश में यही चलता आ रहा था, लेकिन अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देती है। इसका बहुत बड़ा लाभ आपको मिलेगा। इसका बहुत बड़ा लाभ हमारे गांवों से आये हुए, गरीब परिवार से आए हुए युवाओं को मिलेगा, शिक्षकों को मिलेगा, नौकरी के लिए अवसर तैयार हो जायेंगे।

### अब रांची में ही...

यह राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए टाटा ट्रस्ट्स एवं राज्य सरकार आपसी समन्वय बनाकर इस संस्थान को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। **बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का प्रयास :** सीएम ने कहा कि राज्य में ही स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध हों यह सरकार का संकल्प है। हम इसके लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में विश्व स्तरीय आधुनिक मशीनें लगायी गयी हैं। इनमें कैंसर मरीजों का गुणवत्तापूर्ण जांच तथा चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सकेगी। यह अस्पताल लगभग 25 एकड़ भूमि में बना है। धीरे-धीरे यह अस्पताल और बड़ा बनेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। **मेडिको सिटी निर्माण की आधारशिला भी शीघ्र :** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के समीप ही मेडिको सिटी के निर्माण के लिये आधारशिला रखेगी। हमारी सरकार ने पिछले कुछ महीनों में रिम्स में भी कई नई तकनीक की मशीनें स्थापित की हैं। अब रिम्स में भी आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल रहा है। **टाटा समूह को राज्य सरकार का पूरा सहयोग :** सीएम ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में टाटा समूह को सरकार पूरी मदद करेगी। सीएम ने कहा कि राज्यवासियों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा देने निमित्त राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसके लिए हमने हाल में ही एयर एंबुलेंस की शुरुआत की है। इसका लाभ रोज लोग उठा रहे हैं। गरीबों को भी इसकी सुविधा मिले सरकार इसका भी प्रयास कर रही है। सुविधा एक समान मिले। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि आज राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र लिए ऐतिहासिक दिन है। टाटा ट्रस्ट्स द्वारा स्थापित रांची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। **नोएल टाटा बोले :** इस अवसर पर ट्रस्टीए टाटा ट्रस्ट्स और वाइस चेयरमैन नोएल टाटा ने कहा कि बीमारी के निदान से पहले उपचार के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हमारी टीमें जागरूकता पैदा करने के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ काम कर रही हैं। कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए स्क्रीनिंग भी कर रही हैं। **अत्याधुनिक अस्पताल :** उन्होंने कहा कि बड़ी तादाद में कैंसर मरीज बेहतर इलाज के लिये दूसरे राज्यों या अन्य शहरों में जाया करते थे। कई बार तो हमने भी अलग-अलग माध्यमों से कैंसर पीड़ित लोगों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों में भेजा है। रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र राज्य के लिए माइलस्टोन साबित होगा। इसमें सभी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। अबी कैंसर अस्पताल में 82 बेड है, जिसे बढ़ा कर 300 करने की तैयारी है। 23.5 एकड़ में फैले इस कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का शिलान्यास 10 नवंबर 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और रतन टाटा ने किया था। रिनपास की जमीन टाटा ट्रस्ट को कैंसर हॉस्पिटल के लिए दी थी।

**एमओयू पर भी हस्ताक्षर :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के लिए झारखंड राज्य आरोग्य सोसायटी, झारखंड स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार और टाटा मेडिकल सेंटर के बीच एक समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू से झारखंड राज्य के मरीजों को कोलकाता के अत्याधुनिक टाटा मेडिकल सेंटर में कैंसर का विश्व स्तरीय उपचार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह और टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता के डॉ पी अरुण, निदेशक और संजीव कुमार अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी के बीच हुआ। अस्पताल का संचालन टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन करेगा। टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन की स्थापना टाटा ट्रस्ट्स ने भारत में कैंसर की देखभाल को अधिक आसानी से सुलभ और किफायती बनाने के लिए की थी। टाटा कैंसर फेयर फाउंडेशन कैंसर रोगियों और उनके परिवारों को उनके घरों के करीब गुणवत्तापूर्ण और किफायती देखभाल सुनिश्चित करने के लिए टाटा ट्रस्ट्स द्वारा विकसित श्डिस्ट्रीब्यूटेड कैंसर केयर मॉडल के चार स्तंभों को लागू कर रहा है। समारोह में टाटा स्टील और राज्य सरकार के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद थे।

### पाकिस्तान की हालत...

**कोर कमांडर गिड़गिड़ाते नजर आये :** पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के बाद भी हालात सामान्य होते नजर नहीं आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के बाद अब इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान को दो हफ्तों के लिए जमानत दे दी है। लेकिन, इसके बाद इस्लामबाद पुलिस और पंजाब पुलिस ने इमरान खान के खिलाफ दोबारा गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। इमरान खान के समर्थकों ने सेना के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। पूरे पाकिस्तान में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले हुए हैं। पीटीआई समर्थकों ने रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय पर हमला किया और मियांवाली में पाकिस्तानी वायु सेना स्टेशन के बाहर तोड़फोड़ और आगजनी की। सबसे ज्यादा उपद्रव लाहौर में पाकिस्तान की सेना के कोर मुख्यालय में हुआ। कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सलमान गनी के घर को लूट लिया। उनके कार्यालय और दूसरे प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आगजनी की। पाकिस्तान की सेना के कोर कमांडर उपद्रवियों के आगे हाथ जोड़ते नजर आये।

स्पीड न्यूज

## अमरनाथ यात्रा के लिए बनेंगे 2,500 सचल शौचालय

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के लिए 2,500 से ज्यादा सचल शौचालय तैयार किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से ज्यादातर शौचालय 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा तक जाने वाले दो प्रमुख रास्तों पर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस साल 62 दिन चलने वाली अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू होनी है। उन्होंने बताया कि कठुआ जिले के लखनपुर से लेकर गुफा तक शौचालयों के प्रबंधन के लिए 1,500 लोगों को लगाया जाएगा।

## कुख्यात गुड्डू मुस्लिम जल्द होगा गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डॉक्टर राजकुमार विश्वकर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि पुलिस गुड्डू मुस्लिम की गिरफ्तारी के लिए सभी प्रयास कर रही है और उसे बहुत जल्द सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि माफिया और खूंखार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की अलग-अलग इकाइयां अभियान चला रही हैं। वर्ष 2005 में प्रयागराज में बसपा के तत्कालीन विधायक राजू पाल की हत्या के मामले के गवाह उमेश पाल व उनके दो गार्डों की फरवरी माह में हुई हत्या के सिलसिले में पुलिस कुख्यात बमबाज गुड्डू मुस्लिम (48) को तलाश रही है।

## ओड़िशा विस के अध्यक्ष व दो मंत्रियों का इस्तीफा

भुवनेश्वर। ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष बिक्रम केशरी अरुखा और राज्य के दो मंत्रियों ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के मद्देनजर शुक्रवार शाम इस्तीफा दे दिया। ऐसी अटकलें हैं कि सीएम नवीन पटनायक मंत्रिमंडल में फेरबदल करने पर विचार कर रहे हैं।राज्य के दो मंत्रियों समीर रंजन दास (स्कूल और जन शिक्षा) और श्रीकांत साहू (श्रम) ने इस्तीफा दिया है। अरुखा ने कहा कि उन्होंने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे स्वीकार करूंगा।

## जद-एस से गठबंधन की गुंजाइश नहीं : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि कर्नाटक में इस बार जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के साथ गठबंधन की कोई गुंजाइश नहीं हैं और चुनाव नतीजे आने के बाद यह दल खुद ही बिखर जाएगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कर्नाटक में कहा है कि जद-एस का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है और यह दल बिखरता हुआ नजर आ रहा है।

## सेंसेक्स पांच महीनों के उच्च स्तर पर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बावजूद घरेलू बाजारों में शुक्रवार को बैंक एवं वाहन शेयरों में खरीदारी होने से मानक सूचकांक सेंसेक्स पांच महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 123 .38 अंक यानी 0 .20 प्रतिशत चढ़कर 62,027 .90 अंक पर बंद हुआ।

# 3.08 लाख छात्रों को मिले 90 प्रतिशत से अधिक अंक

### सीबीएसई परिणाम : मेधा सूची और श्रेणी जारी करने की परिपाटी समाप्त

**पिछले साल के मुकाबले 90 और 95 % से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या में आयी कमी**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शुक्रवार को घोषित बोर्ड परीक्षा के नतीजों के मुताबिक 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 3.08 लाख विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या करीब 66 हजार रही। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले 90 प्रतिशत और 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में कमी आई है। सीबीएसई अधिकारियों का कहना है कि पिछले शैक्षणिक सत्र से तुलना करना उचित नहीं होगा क्योंकि महामारी की वजह से पिछले सत्र को दो टर्म में विभाजित किया गया था। पिछले साल 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 3.71 लाख विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया था जबकि 98,340 विद्यार्थियों के 95 प्रतिशत से अधिक अंक आए थे।

बोर्ड ने हालांकि विद्यार्थियों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से अंकों के आधार पर मेधा सूची और श्रेणी जारी करने की परिपाटी को खत्म कर दिया है। सीबीएसई नतीजों के मुताबिक 12वीं कक्षा में 1,12,838 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 22,622 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं।

बोर्ड के मुताबिक 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों में 271 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीएसडब्ल्यूएन) हैं जबकि इसी श्रेणी के 44 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। पिछले साल 1,34,797 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया था और 33,432 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया था। हालांकि, वर्ष 2019 (कोविड महामारी आने से पूर्व के शैक्षणिक सत्र) में क्रमशः 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 94,299 और 17,693 थी। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र के दौरान दो भागों में परीक्षा ली गई थी और पाठ्यक्रम को महामारी के मद्देनजर एकमुश्त राहत के तहत दो टर्म में विभाजित किया गया था। इस साल, बोर्ड की परीक्षा वार्षिक एक टर्म के तहत हुई जैसा कि महामारी से पहले कराई जाती थी और विद्यार्थियों ने एक ही बार में पूरे पाठ्यक्रम की परीक्षा दी।

उन्होंने कहा कि इसलिए, महामारी के पूर्व के सालों से ही तुलना उचित होगी और वर्ष 2019 के मुकाबले उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि हुई है। बोर्ड के मुताबिक 10वीं कक्षा में 1,95,799 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 44,297 रही है। बोर्ड ने बताया कि 10वीं कक्षा में विशेष आवश्यकता वाले 278 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है और इस श्रेणी के 58 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया।

गौरतलब है कि पिछले साल 10वीं कक्षा में 2,36,993 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक के साथ उत्तीर्ण हुए थे और 64,908 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये थे। हालांकि, वर्ष 2019 में 10वीं कक्षा के 2,25,143 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 57,256 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये थे।



### कंपार्टमेंट का नाम बदलकर पूरक परीक्षा

सीबीएसइ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में की गयी सिफारिशों के आधार पर कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा करने का फैसला किया है। सीबीएसई ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए और अधिक अवसर देने का भी निर्णय लिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में की गयी सिफारिशों के आधार पर सीबीएसई ने कंपार्टमेंट परीक्षा का नाम बदलकर पूरक परीक्षा कर दिया है। विद्यार्थियों को पूरक परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए और अधिक अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पूरक परीक्षाओं में दो विषयों में जबकि 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को एक विषय में अपने अंकों में सुधार लाने का मौका मिलेगा। भारद्वाज ने कहा कि जिन छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है और जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं, उनके लिए परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी और तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी।

### 10वीं-12वीं के लिए परीक्षा अगले साल 15 फरवरी से

सीबीएसई ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगले साल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी, 2024 से शुरू होंगी। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने यह घोषणा की। शिक्षा मंत्रालय ने शैक्षणिक कैलेंडर में तालमेल बैठाने और छात्रों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी की सुविधा प्रदान करने के लिए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा पहले करने का निर्णय लिया है।

### प्रधानमंत्री ने सफल छात्रों को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि मैं उन सभी परीक्षार्थियों को बधाई देता हूं, जिन्होंने 12 वीं की परीक्षा में सफलता हासिल की है। कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के लिए मुझे इन युवाओं पर गर्व है। मैं उनके अभिभावकों और शिक्षकों को युवाओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बधाई देता हूं।

## अब समग्र शिक्षा के तहत मंजूर कामों के 10 फीसदी स्थानों में कर सकेंगे बदलाव सभी राज्य

**नयी दिल्ली।** राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश अब समग्र शिक्षा के तहत किसी ब्लाक, जिला, स्कूल में अतिरिक्त कक्षा, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला, पेयजल सुविधा, चारदीवारी, उपकरण, शौचालय, सौर पैनल स्थापित करने जैसे कार्यों को लेकर मंजूर कुल स्थानों में से 10 प्रतिशत स्थानों में बदलाव कर सकेंगे हालांकि वित्तीय लागत में कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में संयुक्त सचिव (समन्वय) डा. अमरप्रीत दुग्गल ने नौ मार्च को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिव, सचिव स्कूली शिक्षा तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशकों को इस संबंध में पत्र लिखा है। समग्र शिक्षा के तहत किसी स्कूल, ब्लाक, जिला, प्रखंड संसाधन केंद्र या जिला संसाधन केंद्र में अतिरिक्त कक्षा, स्मार्ट क्लास/ सूचना संचार प्रौद्योगिकी /व्यवसायिक प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, शौचालय/पेयजल /रैम्प, चारदीवारी, सौर पैनल, कला एवं शिल्प कक्ष, वेंडिंग मशीन, टिंकरिंग लैब, फर्नीचर, विज्ञान किट, गणित किट जैसे कदमों के लिए वित्तीय मंजूरी दी जाती है।

# जहां कोई भेदभाव नहीं है वही सच्ची धर्मनिरपेक्षता

### प्रधानमंत्री ने गुजरात में 4,400 करोड़ की योजनाओं किया उद्घाटन व शिलान्यास

**योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए लाभार्थियों का धर्म और ना ही जाति देखती है सरकार : मोदी**

एजेंसी

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के दौरान ना तो लाभार्थियों का धर्म और ना ही उनकी जाति देखती है। उन्होंने कहा कि जहां कोई भेदभाव नहीं है, वही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है और सभी की खुशी व सहूलियत के लिए काम करने से बड़ा कोई सामाजिक न्याय नहीं है। करीब 4,400 करोड़ रुपये की योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के लिए महात्मा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) महिला सशक्तीकरण का हथियार बन गया है, क्योंकि इस योजना के तहत सरकार द्वारा गरीबों के लिए बनाए गए चार करोड़ आवासों में से 70 प्रतिशत महिलाओं को दिए गए हैं।

मोदी ने गुजरात में पीएमएवाई के तहत बने 42,441 घरों के गृह प्रवेश, उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कहा कि हम (सरकारी) योजनाओं की शत प्रतिशत परिपूर्णता का प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि सरकार खुद इन योजनाओं के साथ लाभार्थियों तक पहुंच रही है। सरकार के इस रुख से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए हमारी सरकार धर्म या जाति नहीं देखती है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं जहां कोई भेदभाव नहीं है वही तो सच्ची धर्मनिरपेक्षता भी है। जो लोग सामाजिक न्याय की बातें करते हैं, जब आप सबके सुख के लिए काम करते हैं, सबकी सुविधा के लिए काम करते हैं, सबको उसका हक पहुंचाने के लिए शत-प्रतिशत काम करते हैं तो मैं समझता हूं कि इससे बढ़ कर कोई सामाजिक न्याय नहीं होता है, जिस राह पर हम चल रहे हैं। मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए कहा कि गरीबों को पहले दुर्दशा और निराशा का सामना करना पड़ता था, लेकिन उनकी सरकार उनके जीवन की कमियों को दूर करने का काम कर रही है क्योंकि जब गरीब को अपनी बुनियादी जरूरतों की चिंता कम होती है तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पुरानी नीतियों पर चलते हुए, फेल हो चुकी नीतियों पर चलते हुए ना देश का भाग्य बदल सकता है और ना ही देश सफल हो सकता है। पहले की सरकारें किस तरह से काम कर रही थीं, आज हम किस सोच के साथ काम कर रहे हैं, ये समझना बहुत जरूरी है।



## कैलिफोर्निया में जाति भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कैलिफोर्निया स्टेट सीनेट ने जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने के वास्ते गुरुवार को एक विधेयक पारित किया। इस ऐतिहासिक कदम से अमेरिका की सबसे घनी आबादी वाला कैलिफोर्निया जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। कैलिफोर्निया की सीनेटर आयशा वहाब द्वारा पेश इस विधेयक को एक के मुकाबले 34 मतों से पारित किया गया।

वहाब कैलिफोर्निया सीनेट में निर्वाचित पहली मुस्लिम और अफगान अमेरिकी नागरिक हैं। इस विधेयक को पेश करने वाले लोगों ने बताया कि राज्य की प्रतिनिधि सभा में भी ऐसा ही एक विधेयक पेश किया जा रहा है जिसके बाद इसे कानून का रूप देने के लिए गवर्नर के पास हस्ताक्षर के वास्ते भेजा जाएगा। विधेयक एसबी 403 एक मौजूदा कानून में जाति को संरक्षित श्रेणी के रूप में जोड़ता है। यह कानून कैलिफोर्निया प्रांत के सभी लोगों को सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रहने, लाभ, सुविधाओं, विशेषाधिकारों या सेवाओं में एक समान अधिकार देता है।

## बंगाल में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं :नड्डा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को 'डेमोक्रेसी इन कोमाः साइलेंस्ड वॉयस ऑफ वुमन विक्टिम्स इन बंगाल' पुस्तक का विमोचन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने कहा कि बंगाल में डेमोक्रेसी नाम की कोई चीज नहीं है, डेमोक्रेसी इन कोमा कहना बिल्कुल सही है। हमें लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है और बंगाल के गौरव को स्थापित करना है। पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि ममता बनर्जी को यह पसंद नहीं आया कि भाजपा बंगाल में इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रही है। इसको ममता पचा नहीं पाईं और इन्होंने भाजपा के कार्यकताओं पर अटैक करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब चुनाव प्रचार शुरू हुआ तो पहले दिन उन पर पहला हमला तब हुआ जब वे डायमंड हार्बर जा रहे थे। जब इन्होंने मुझे नहीं बख्शा तो आम आदमी के साथ क्या व्यवहार करते होंगे, आप समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम बंगाल में बदले की बात नहीं करते, बदलाव की बात करते हैं। वहां बदलाव चाहिए और आप सबकी ताकत से हम बदलाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ हम कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। दूसरी ओर ममता की कार्यशैली विपक्ष को चुप कराने की है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध 74.6 प्रतिशत है। महिलाओं पर एसिड अटैक के मामले में पश्चिम बंगाल अव्वल है।




## योगी ने मंत्रिमंडल संग देखी द केरल स्टोरी



**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फिल्म द केरल स्टोरी देखी। लोकभवन ऑडिटोरियम में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग की गई थी। फिल्म के दौरान मुख्यमंत्री पूरे समय मौजूद रहे। यहां मुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं और मीडिया के प्रतिनिधि की उपस्थिति रहे।श्री योगी ने ट्वीट कर फिल्म से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।**

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया बंगाल और तमिलनाडु सरकार को नोटिस

### द केरल स्टोरी मामले में 17 मई तक मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** द केरल स्टोरी फिल्म पर बैन लगाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट 17 मई को सुनवाई करेगा। फिल्म द केरल स्टोरी पर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में लगे बैन के विरोध में दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि जब देश के दूसरे हिस्सों मे फिल्म द केरल स्टोरी शांति से चल रही है तो बंगाल और तमिलनाडु में ही फिल्म के प्रदर्शन पर बैन क्यों? सुप्रीम कोर्ट ने कहाकि, पश्चिम बंगाल देश के अन्य हिस्सों से अलग नहीं है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ की कोर्ट ने शुक्रवार को फिल्म पर बैन के खिलाफ दाखिल प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह और डायरेक्टर सुपदीप्तो सेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह बिना काउंटर दलील के फिल्म पर लगे बैन को नहीं हटा सकते। ऐसे में दोनों ही राज्यों को शॉर्ट नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाए। इस मामले में अब 17 मई को फिर से सुनवाई होगी।




## खेसारीलाल की फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' 2 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के हिट मशीन सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की नई फिल्म मेरे नैना तेरे नैना 2 जून को देशभर में रिलीज होगी। फिल्म रहस्यमयी प्रेम कहानी पर आधारित है। निर्माता निर्देशक लाल विजय शाहदेव हैं, जबकि निमार्ता राकेश डांग और दीपक सिम्हल हैं। जोधा अकबर में सलीम की भूमिका से लोकप्रियता पाने वाले अभिनेता रवि भाटिया इस फिल्म में स्पेशल एपीयरेंस में नजर आएंगे। नदिया के पार के बाद इस तरह की यह फिल्म पहली है, जो अवधी भाषा में है और जिसे हिंदी के दर्शक भी आसानी से समझ सकते हैं। फिल्म को लेकर निर्देशक लाल विजय शाहदेव ने बताया कि इस फिल्म की कहानी के बारे में पहले से बताना सही नहीं होगा, लेकिन इतना तय है कि यह फिल्म मनोरंजन के एक अलग ही लेवल पर ले जाने वाली है और दर्शक अंत तक एक रहस्य से जुड़े रहेंगे। फिल्म में खेसारीलाल यादव का अभिनय भी मुख्य आकर्षण होने वाला है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही यू-ट्यूब पर रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। फिल्म मेरे नैना तेरे नैना में खेसारी के साथ खुशबू शर्मा, कामाक्षी ठाकुर, नीना चीमा, रितु शर्मा, निशिकांत दीक्षित और चुन्नू मेहरा मुख्य भूमिका में है।




## गौहर खान के घर आया नन्हा मेहमान

**मुंबई।** अभिनेत्री गौहर खान और उनके पति जैद दरबार के घर में नन्हा मेहमान आया है। यह खुशखबरी 39 वर्षीय गौहर ने स्वयं गुरुवार रात को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये साझा की। उन्होंने पोस्ट लिखा कि खूबसूरत दुनिया को अस सलाम अलैकुम , यह बताते हुई खुशी हो रही है कि 10 मई को नया मेहमान आया है । हमारी झोली खुशियों से भर गई है। माही विज, श्वेता पंडित, युविका चौधरी, समीरा रेड्डी और अनिरुद्ध शर्मा जैसी हस्तियों ने दंपति को बधाई दी है। गौरतलब है कि गौहर और 27 वर्षीय जैद ने दिसंबर 2020 में विवाह किया था। अभिनेत्री ने पिछले साल दिसंबर में यह खबर साझा की थी कि वह उम्मीद से हैं।



## जानी मानी गायिका कल्याणी का निधन

**कोलकाता।** जानी मानी गायिका और प्रख्यात कवि काजी नजरूल इस्लाम की सबसे छोटी पुत्रवधु कल्याणी काजी का यहां शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थीं। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कल्याणी काजी (87) ने एसएसकेएम अस्पताल में आखिरी सांस ली। उन्हें कुछ दिन पहले दक्षिण कोलकाता में एक नर्सिंग होम से एसएसकेम अस्पताल रेफर किया गया था। उनके परिवार ने बताया कि वह कुछ समय से ल्यूकेमिया से पीड़ित थीं और उन्हें गुर्दे संबंधी समस्या भी थी। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था और शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे उनका निधन हो गया।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस